

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 19 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-5 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-202 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 अक्टूबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## भाजपा सरकार बनते ही छग को करेंगे नक्सल मुक्त: शाह

**जगदलपुर,19 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

बस्तर जिले के तीनों विधानसभा प्रत्याशी के लिए वोटरों को साधने भाजपा के स्टार प्रचारक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर पहुंचे हैं. उन्होंने लालबाग परेड ग्राउंड में सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में 3 दिवाली माननी है. पहली दिवाली त्योहार की, दूसरी दिवाली 3 दिसंबर कमल सरकार जब बनेगी तब मनेगी और तीसरी दिवाली राम मंदिर का शुभारंभ होगा तब मनेगी.

सभा में 20 से 25 हजार जनता व कार्यकर्ता पहुंचे हैं. मंच पर जगदलपुर प्रत्याशी किरण देव, चित्रकोट प्रत्याशी विनायक गोयल, बस्तर विधानसभा प्रत्याशी मनीराम कश्यप, नारायणपुर विधानसभा प्रत्याशी केदार कश्यप के साथ पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, बस्तर प्रभारी संतोष पांडे समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे. अमित शाह ने बस्तर विधानसभा के मनीराम कश्यप, जगदलपुर प्रत्याशी किरण देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को आगे लाकर भाजपा को वोट देने की अपील की. सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, आज मैं अपने तीनों प्रत्याशियों को जिताने आया हूं. जगदलपुर, चित्रकोट, बस्तर तीनों ही प्रत्याशियों को जितना है. मोदीजी ने देशभर के ट्राइबल के लिए कई सारे काम किए हैं. आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बिजली, शिक्षा पहुंचाया है. मोदी जी ने आदिवासी क्षेत्र में जो खनिज निकाली जाती है उस पैसे को आदिवासी के विकास के लिए 75 हजार करोड़ रुपए दिए हैं, जिसमे पानी, बिजली, स्कूल जैसे सुविधाएं पहुंचाई है. गृहमंत्री शाह ने कहा, बस्तर क्षेत्र घनघोर नक्सली क्षेत्र माना जाता था, एक बार फिर से भाजपा को मौका दे दो पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सल से मुक्त कर देंगे. बस्तर क्षेत्र ऐसा है, जब पुलिस मरता है तो भी आदिवासी मरता है. नक्सली मरता है तो भी आदिवासी मरता है. आम नागरिक मरता है तो भी आदिवासी मरता है. मोदी जी ने 5 किलो चाव मिले ऐसी व्यवस्था की है. भूपेश बाबू ने शराब



बेचने की दुकान खोली. 2000 करोड़ का कोयला घोटाला किया. गाय के गोबर में 13 हजार करोड़ का घोटाला, महादेव एप जुआ में 500 करोड़ का घोटाला, नौकरी को लेकर छत्तीसगढ़ में युवा निर्वस्त्र होकर आपके राज्य में रैली निकालते हैं. भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाओ जो घोटाले किए हैं उनको उल्टा लटकाकर कार्यवाही करने का काम भाजपा करेगी.

अमित शाह ने कहा, आजादी के बाद एक आदिवासी परिवार के गरीब घर की बेटी को राष्ट्रपति बनाया. आदिवासी लोगों के लिए भाजपा ने कई सारे काम किए. भूपेश बघेल ने 50 हजार शिक्षकों की भर्ती करने की बात कही, बिजली बिल आधा करने की बात कही थी, बिजली हाफ तो नहीं बिजली गुल कर दी. कांग्रेस ने एक काम किया है कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम बनने का काम किया है. हम जब सरकार में थे पीडीएस शुरू किया, चावल खरीदना शुरू किया, तेंदूपत्ता खरीदना शुरू किया. एनएमडीसी निजीकारण करने की बात कर रहे हैं, मैं इस मंच से कहकर जा रहा हूं कि कोई निजीकरण नहीं होगा. एनएमडीसी आदिवासी भाई का रहेगा.

उन्होंने कहा, 27 हजार करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास मोदी ने बस्तर में किया. भूपेश की सरकार बनी तो छत्तीसगढ़ का पैसा दिल्ली पहुंच जाएगा. अगर भाजपा की सरकार बनी तो 27000 करोड़ में राज्य का ओर विकास होगा. 11 लाख गरीबों को आवास देने का काम भाजपा ने किया है. आपके पास दो विकल्प हैं, एक नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार, दूसरी भाजपा सरकार जो नक्सलवाद को समाप्त करेगी उसकी सरकार बनानी है.

## मेरी वजह से नहीं कटी बृहस्पत सिंह की टिकट



**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** कांग्रेस की दूसरी सूची को लेकर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि 7 नाम जो बचे हैं, उन पर भी मंथन चल रहा है. हाई लेवल कमेटी के पास गया है. जल्द ही वो भी नाम आ जाएंगे. वहीं 10 विधायकों की टिकट कटने पर सिंहदेव ने कहा कि ये सर्वे का आधार था. सर्वे का ज्यादा प्रभाव रहा. सर्वे के हिसाब से टिकट बाटें गए हैं. विधायकों की टिकट कटने पर बीजेपी के आरोप को लेकर सिंहदेव ने कहा कि अपना अपना तर्क सब देते हैं. हमको लगता है जो जितने की स्तिथि में हैं उनको टिकट देना है. कांग्रेस ने काम अच्छा किया है. इसके बाद भी कांग्रेस नहीं जीतेगी तो काम करने का कोई अर्थ नहीं रहेगा. छन्नी साहू और बृहस्पत सिंह की टिकट कटने पर उन्होंने कहा कि टिकट मिलने का आधार सर्वे था. बृहस्पत सिंह की टिकट मेरे वजह से कटी ऐसा नहीं है. सर्वे में आया होगा इनके जीतने के चांस कम हैं, तब कटा होगा. चुन्नी के साथ भी कहीं न कहीं ऐसी बात हुई होगी. केंद्रीय नेताओं के दौरे और अमित शाह के बयान पर डिप्टी सीएम ने कहा कि इसमें चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए. प्रशासन उनके हाथ में है, चुनी हुई सरकार के नियंत्रण में प्रशासन नहीं है. बयान जो भी दे रहे हैं उनको संज्ञान में लेकर कार्रवाई करनी चाहिए. कांग्रेस ने बुधवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है. इस सूची में 53 प्रत्याशियों के नाम हैं.

## संक्षेप




### राजधानी में आयकर विभाग की दबिश

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** राजधानी में एक बार फिर आयकर विभाग ने दबिश दी है. इस बार टीम ने अरिहंत जेवलर्स के संचालक उत्तम गोलछा के सदर बाजार स्थित ज्वेलरी शॉप समेत शैलेंद्र नगर स्थित घर पर छापा मारा है. संचालक उत्तम गोलछा छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष के पद पर पदस्थ हैं. सदर बाजार स्थित एएम ज्वेलर्स के मालिक सुनील पारख और सप्रे शाला स्कूल के सामने स्थित राजधानी ज्वेलर्स मालिक संजय पारख के ठिकानों पर भी आयकर दबिश दी है. राजधानी ज्वेलर्स के मालिक संजय पारख के वालफोर्ट स्थित घर पर टीम ने रेड डाली है. सभी ठिकानों पर अहम दस्तावेजों की जांच की जा रही है. जानकारी के अनुसार, पारस ज्वेलर्स जगदलपुर में भी छापा मारा गया है. इसके अलावा हवाला कारोबारी मिक्की नहाटा के यहां भी आईटी की टीम ने दबिश दी है.

### भाजपा और कांग्रेस नेता के बीच समझौता:बृहस्पत

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहले 30 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था और दूसरी सूची में 53 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। 83 प्रत्याशियों में पार्टी ने 18 विधायकों की टिकट काटी है और 24 नए चेहरों को मौका दिया है। जबकि अभी भी 6 सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। इसी बीच कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह का पार्टी के समझौता को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस नेता के बीच समझौता हुआ है। सिंहदेव के खिलाफ भाजपा आसान उम्मीदवार देता इधर रामविचार नेताम के खिलाफ डमी कैंडिडेट दिया गया। ताकि दोनों बड़े नेता आसानी से जीत सकें। सिंहदेव लगातार कांग्रेस के खिलाफ काम कर रहे हैं। उसके बाद भी कांग्रेस हाईकमान क्यों चुप है, ये बड़े नेता ही जानते हैं।

### देश का सबसे ऊंचा तिरंगा फहराएंगे गडकरी

#### पाकिस्तान तक देगा दिखाई

**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज अमृतसर में देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह तिरंगा आईसीपी अटारी पर स्थापित किया गया है। तिरंगे की ऊंचाई 418 फुट है। बताया जा रहा है कि यह तिरंगा पाकिस्तान तक साफ दिखाई देगा। इससे पहले वह श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकेंगे। नितिन गडकरी गुरुवार सुबह अमृतसर पहुंचेंगे और श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के बाद दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के कार्यों की समीक्षा करेंगे और इसके बाद वह गांव हर्षा छीना के पास चल रहे नेशनल हाईवे के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे। इसके बाद केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से अमृतसर और तरनतारन में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की समीक्षा के बाद अटारी सीमा पर राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान नितिन गडकरी रिट्रीट सेरेमनी भी देखेंगे और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) संग्रहालय का भी दौरा करेंगे। प्रशासन ने इस संबंध में विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है।

## 750 करोड़ रुपये से भरा ट्रक पकड़ाया

**हैदराबाद, 19 अक्टूबर।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग पूरी तरह से मुस्तैद है। चुनाव में धन-बल को रोकने के लिए आयोग की सख्ती का असर राज्यों में नजर आ रहा है। राज्यों में बड़ी संख्या में नगदी, कपड़े, जेवरात के अलावा अन्य सामान भी लगातार पकड़े जा रहे हैं। ऐसे ही तेलंगाना के गद्वाल में नेशनल हाईवे पर चेकिंग के दौरान 750 करोड़ रुपये से भरा एक ट्रक मिला। इतनी बड़ी तादाद में पैसे देखकर अधिकारीयों के होश उड़ गए। इससे पहले कि आयोग की टीम कोई बड़ा एक्शन लेती, पैसों से भरे ट्रक को छोड़ना पड़ गया। आइए जानते हैं मामला क्या था? हाल में तेलंगाना की यात्रा पर आए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव में कम नकदी जब्त होने से पुलिस प्रशासन पर नाराज थे। इस दौरान उन्होंने गोवा और अन्य स्थानों से हैदराबाद के रास्ते होने वाली तस्करी पर अंकुश लगाने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए थे।



आयोग की सख्ती के मद्देनजर पुलिस ने भी राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही चेकिंग अभियान को भी तेज कर दिया। पुलिस अधिकारी संजय कुमार जैन ने मीडिया को बताया कि मंगलवार को नेशनल हाईवे में पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक ट्रक को रोका। चेकिंग के दौरान ट्रक से 750 करोड़ रुपये की नगदी बरामद हुई। आयोग की टीम जब एक्शन की तैयारी कर रही थी उसी दौरान पता चला कि इतनी बड़ी रकम यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की है। जिसे केरल से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने बुधवार को एक बयान में कहा कि बैंक अधिकारियों से पुष्टि के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया। विकास राज ने कहा, 750 करोड़ रुपये नगदी से भरा ट्रक कुछ घंटों के लिए सुर्खियों में रहा, लेकिन अंततः हमें पता चला कि यह सीधा-सीधा चेस्ट-टू-चेस्ट मनी ट्रांसफर था। एक बार सत्यापित होने के बाद, पुलिस ने ट्रक को अपनी यात्रा जारी रखने की अनुमति दे दी थी।

### अयोध्या में साधु की गला रेतकर हत्या

**अयोध्या, 19 अक्टूबर।** रामनगरी अयोध्या के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में साधु गला रेतकर हत्या कर दी गई है। गुरुवार सुबह इस घटना के बारे में पता चलने पर हड़कंप मच गया। साधु राम सहारे दास हनुमानगढ़ी की बसंतिया पट्टी के संत दुर्बल दास के शिष्य थे। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। घटना की जानकारी मिलते ही आईजी और एसएसपी सहित पुलिस के अन्य अफसर हनुमानगढ़ कैंपस में पहुंचे। मामले की छानबीन की जा रही है। कहा जा रहा है कि अंबेडकरनगर के भीटी में करीब 10 बीघा जमीन के स्वामित्व को लेकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिसर में सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए गए थे। मंदिर परिसर में रहने वाला एक युवक घटना के बाद से ही गायब चल रहा है।



**कवर्धा।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-71 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भावना बोहरा ने आज नामांकन दाखिल किया। उन्होंने अपना नामांकन पंडरिया के रिटर्निंग आफिसर संदीप ठाकुर के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने संविधान की शपथ भी ली। इस अवसर पर उनके चार प्रस्तावक उपस्थित थे।




## कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति की जनक : रमन सिंह

### जय-वीरू की जोड़ी हो चुकी खंडित

**रायपुर,19 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस की टिकट घोषित होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. रमन सिंह ने कहा, टिकट जारी होने के बाद अंदर का विरोध खुलकर सामने आने लगे हैं, जिसकी चर्चा वर्षों से थी. नाराजगी, इस्तीफा, रूठना और मनाने का खेल चलता रहा. जय-वीरू की जोड़ी खंडित हो चुकी है. जनघोषणा पत्र में अपने आपको अलग करने का निर्णय लिया. कांग्रेस ने विश्वास तोड़ा इसलिए टीएस बाबा समिति में नहीं रहने का फैसला लिया. टिकट वितरण के बाद ही नाम सामने आ रहे हैं. अलग-अलग व्यक्ति के नाम सामने आ रहे हैं. बृहस्पति सिंह की टिकट कटने के पर रमन सिंह बोले, इनमें टकराव पहले से है. जिस व्यक्ति ने हत्या का आरोप लगा दिया था,उसी का टिकट काटा.रायपुर ग्रामीण से विधायक के बेटे को टिकट दिए जाने पर रमन सिंह ने परिवारवाद का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा,उनका परिवार, परिवार नहीं होता. हिंदुस्तान का सबसे बड़ा परिवारवाद है, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के बाद प्रियंका उसके बाद उनका बच्चा राजनीति करेगा और शीर्ष पद पर रहेगा. परिवारवाद की राजनीति का जनक कांग्रेस है. ये सबसे बड़ा उदाहरण है. आगे रमन सिंह ने कहा, कांग्रेस के पास नामांकन के लिए कोई बड़ा फेस नहीं है. राहुल गांधी और सोनिया गांधी को बुला लें, इनके अलावा किसी नेता की गिनती होती नहीं. न इनकी पार्टी में कोई नेता है. अमित शाह के बयान पर रमन सिंह ने कहा, अमित शाह ने ये कई बार कहा है, भ्रष्टाचार में कीर्तिमान स्थापित कांग्रेस सरकार ने किया है. भ्रष्टाचार करने में कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा. जो PSC, शराब, कोयला, चावल में पैसा खा सकता है, ऐसा



भ्रष्टाचार पूरे राजनीति जीवन में और हिंदुस्तान में नहीं देखा. महादेव एप के तार भी सीधे जुड़े हुए हैं. 4 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने को लेकर रमन सिंह ने कहा, सीट डिक्लियर हो चुकी है निर्णय लेना बाकी है. बस्तर में कांग्रेस की सभा पर रमन सिंह ने कटाक्ष करते हुए कहा, अब बस्तर तो खिसक चुका है. सीएम जाएं या ना जाएं पता नहीं चलता. जनता का रुझान आचार संहिता लगने के बाद खुलकर सामने आ गया है. उत्साह के साथ नामांकन हो रहा है.कांग्रेस की सभा में आधी कुर्सियां खाली हो गई. भाजपा युद्धस्तर पर एक-एक विस को आइडेंटिफाई कर रही है. बस्तर की 12 और राजनांदगांव की 8 सीटों पर 20 केंद्रीय नेतृत्व ने निगाहें बना रखी है. अगले चरण में बाकी सीटों पर भी भाजपा के वरिष्ठ लोग आएंगे और वातारण का जो निर्माण हुआ है उसे आगे बढ़ाएंगे.

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद विश्व कप 2023, भारत में सफलतापूर्वक खेला जा रहा है... jasclaudius@gmail.com

## उतार-चढ़ाव भरे परिणाम के साथ जारी है स्पर्धा

**जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

क्रिकेट का बुखार इन दिनों पूरे भारत में चढ़ा हुआ है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 10 टीमों के बीच 14वें विश्व कप पर कब्जा जमाने की होड़ मची हुई है। 50-50 ओवर के एक दिवसीय दिन-रात मुकाबले वाले प्रारूप में 5 अक्टूबर से प्रारंभ प्रतियोगिता 19 नवंबर तक जारी रहेगी। राउंड राबिन और नॉक आउट आधार पर खेली जा रही स्पर्धा में अब तक कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इस बार टूर्नामेंट के प्रारूप में परिवर्तन करते हुए सभी टीम को एक दूसरे के विरूद्ध अपना-अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाना अनिवार्य हो गया। भाग ले रही 10 टीम में भारत, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड तथा नीदरलैंड्स शामिल है। 2023 में इस क्रिकेट विश्व कप के योग्यता चक्र में 32 देशों ने भाग लिया जिसमें से 10 टीम ने योग्यता हासिल की। 32 टीम को तीन लीग में बांटा गया था 13 टीम सुपर लीग, लीग-2 में सात टीम जबकि चैलेंज लीग में 12 टीम रखी गई थी। भारत के अहमदाबाद, बेंगलुरू, चेन्नई, धर्मशाला, कोलकाता, लखनऊ, मुंबइ, पुणे, हैदराबाद, दिल्ली मिलाकर 10 शहरों में 48 मैच हो रहे हैं। भारतीय टीम और न्यूजीलैंड दो टीम अब तक ऐसी है जिन्होंने पराजय का स्वाद नहीं चखा है। भारत ने अपने पहले ही मैच में आस्ट्रेलिया को 6 विकेट से जबकि दूसरे मैच में अफगानिस्तान को 8 विकेट से पराजित किया। इस प्रकार इस स्पर्धा के शुरुवाती मुकाबले से ही



भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है। अभी भारत को सात मैच और खेलना है विश्व कप प्रतियोगिता में 1983 व 2011 के पश्चात भारतीय टीम को फिर से विजेता बनने के लिए हर मैच को पूरी सतर्कता से खेलना होगा। क्रिकेट खेल के मैदान में बल्लेबाजी, गेंदबाजी व क्षेत्ररक्षण का विशेष महत्व होता है। इन तीनों क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखकर प्रदर्शन करने वाली टीम को सफलता मिलेगी। अब तक खेले गये किसी भी मैच में भारत के विभिन्न शहरों में तैयार की गई किसी भी पिच के बारे में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। दरअसल आज की परिस्थिति में क्रिकेट मैच काफी रोचक होने लगा है जब तक अंतिम गेंद फेंक ना दी जाए तब तक परिणाम के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। 2023 में हुए अब तक के नतीजे पर नजर डालने से पता चलता है कि कम से कम दो बड़े उलटफेर हुए हैं। पिछली विजेता इंग्लैंड की टीम को अफगानिस्तान ने राउंड राबिन मैच में अनपेक्षित रूप से 69 रन से परास्त किया जबकि नीदरलैंड्स की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से पटखनी दे दी। इस प्रकार अब तक के इन दो परिणामों से क्रिकेट खेल में अनिश्चित परिणाम की पुष्टि होती है। एक और बड़ी बात हम कह सकते हैं कि अब तक इस चैंपियनशिप में बारिश बाधा बनकर नहीं आई है। सिर्फ एक मैच नीदरलैंड विरूद्ध दक्षिण अफ्रीका पर इसका फर्क पड़ा है। एक बड़ी बात विभिन्न स्टेडियम में कोई अव्यवस्था और दर्शकों द्वारा अनुशासनहीनता का प्रदर्शन नहीं किया गया है। यह व्यवहार आगे भी जारी होना चाहिए।

## भाजपा दंगा भड़काकर जीतना चाहती है चुनाव: भक्तचरण दास

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भक्त चरण दास ने चुनावी माहौल के बीच भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. भक्त चरण दास ने कहा, मेरा सीधा जुड़ाव छत्तीसगढ़ से है. मैंने 10 साल यहां काम किया है. मैं गांव-गांव घुमा हूं. कार्यकर्ताओं के साथ मेरा प्रत्यक्ष परिचय है. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के प्रति अपार प्यार लोगों में है. छत्तीसगढ़ की भूमि धर्म की भूमि है. छत्तीसगढ़ न्याय की भूमि है. छत्तीसगढ़ प्रभु राम की भूमि है. माता कौशल्या की भूमि है. भाजपा के लोग इस धर्म और प्यार की भूमि में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भड़काऊ भाषण यहां दे रहे हैं. भाजपा दंगा भड़काकर चुनाव जीतना चाहती है.आगे भक्त चरण दास ने कहा, भाजपा के लोग जातीय जनगणना का विरोध कर रहे हैं. 54 फीसदी से अधिक ओबीसी के लोगों को उनके अधिकार से वंचित कर रहे हैं. पीएम मोदी ओबीसी के लोगों को भूल चुके हैं. बीते चुनाव में सीना ठोक के खुद ओबीसी होने की बात कहते थे, लेकिन आज जातीय जनगणना के खिलाफ हैं. कांग्रेस में तीन मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से हैं. राजस्थान से अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ से भूपेश बघेल, कर्नाटक से सिद्धारमैया हैं. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीबों का उत्थान किया है. गरीबों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का काम किया है. पीएम अमीरों को और अमीर बनाने में जुटे हैं.



एक नजर

## कलश ब्यूटी पार्लर के संचालक व जवान के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**भिलाई 19 अक्टूबर।** कलश ब्यूटी पार्लर के संचालक हितेश जैन और सीआईएसएफ जवान रंजीत सिंह के खिलाफ भिलाई तीन पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि हितेश ने पार्लर में रंजीत को बुलाया और प्रथम माले में रंजीत ने उसके साथ बलात्कार किया पुलिस ने बताया कि महिला कलश ब्यूटी पार्लर में काम करती थी आरोपी संचालक हितेश जैन उसे धमकी देकर बलात्कार करता रहा डर की वजह से उसके खिलाफ शिकायत नहीं कर पा रही थी। जब सीआईएसएफ के जवान को कस्टमर के तौर पर पार्लर में खुल्या महिला को साड़ी दिखाने के बहाने भेजा। जब महिला कमरे में गई तो रंजीत ने उसे पकड़ लिया और कहा कि हितेश ने भेजा है इसके याद रंजीत ने उसके साथ जबर्दस्ती की हितेश जैन ने स्वीकार किया कि उसी ने रंजीत को भेजा था वीडियो वायरल करने की धमकी रिपोर्ट में महिला ने बताया कि एक दिन यह अपने घर जा रही थी उसी दौरान रंजीत गाड़ी से आया वीडियो वायरल करने की धमकी देकर खड़ी में बैठा लिया। किराए के मकान में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया।

## चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई 19 अक्टूबर।** पुलगांव थाना क्षेत्र धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलगांव पुलिस ने पकड़ा है



उसके पास से लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया आरोपी के खिलाफ धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है पेट्रोलिंग टीआई पुलगांव तपेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि टीम गश्त पर लगी हुई थी इसी दौरान सूचना मिली कि पोटिया रोड पुलगांव नाला के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लहराकर आ-जा रहे लोगों को आतंकित कर रहा है सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास किया पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी चंद्रकांत ठाकुर ( 26 वर्ष ) पिता मनहरण सिंह ठाकुर निवासी ग्राम बोरई थाना पुलगांव को पकड़ा उसके पास से चाकू बरामद किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शारदीय नवरात्र के पंचम दिवस माँ स्कंदमाता की उपासना

**उतई 19 अक्टूबर।** माँ दुर्गा के पंचम स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाता है, स्कंद का एक नाम कुमार कार्तिकेय भी है, इन्होंने देवशत्रु तारक असुर का वध किया था। कुमार कार्तिकेय की माता होने के कारण दुर्गा जी का यह पंचम स्वरूप स्कंदमाता के नाम से विख्यात है। भगवती स्कंदमाता की चार भुजाएं है ये अपनी दाहिनी ओर की एक भुजा से कुमार कार्तिकेय को पकड़कर गोद मे बैठायी है और दूसरी भुजा में कमल पुष्प धारण की है।इनकी बायीं ओर की एक भुजा में वरमुद्रा तथा दूसरी मे कमल सुशोभित है। इनके सिरपर सुंदर स्वर्ण मुकुट तथा कानो मे स्वर्णाभूषण है। इनका वाहन सिंह है नवरात्र के पंचम दिवस मे इनकी उपासना का विधान है । माँ स्कंदमाता की उपासना से भक्तों की समस्त इच्छायें पूर्ण हो जाती है और उसके लिये मोक्ष का द्वार खुल जाता है।

## 18 अक्टूबर तक 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र किया जमा



**कवधो 19 अक्टूबर।** विधान क्षेत्र क्रमांक 72 से आज 18 अक्तूबर बुधवार को विधानसभा सदस्य के लिए तीन अभ्यर्थियों ने रिटर्निंग आफिसर श्री पीसी कोरी के समक्ष नाम निर्देशन प्रस्तुत किया। नाम निर्देशन जमा करने वाले अभ्यर्थियों में श्री अजय पाली, श्री विजय शर्मा( भाजपा) एवं श्रीमती लक्ष्मी सत्यवंशी(स्वतंत्र) रूप से अपने अपने नाम निर्देशन प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर संबधित अभ्यर्थियों के प्रस्थापक उपस्थित थे। इस तरह से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से आज दिनांक 18 अक्टूबर तक कुल 05 अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

## अज्ञात चोर ने की दुकान में चोरी

**भिलाई19 अक्टूबर।** अज्ञात चोर दुकान के सीट को तोड़कर अंदर घुसा और कपड़े सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है शीतला पारा हथखोज निवासी अंजू के हवाले से भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि अंजू टेलर का काम करता है उसने दुकान में करीब 15-20 जोड़ी कपड़ों को सिलाई कर रखा था। 15 अक्टूबर की रात साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था अगले दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे दुकान आया देखा कि दुकान की सीट को कोई अज्ञात चोर तोड़कर अंदर घुसकर सिला हुआ कपड़ा, होम थियेटर, प्रेस चोरी कर ले गया।

# असम के मुख्यमंत्री ने रैली में भूपेश सरकार पर निशाना साधा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 19 अक्टूबर।** भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा के नामांकन रैली में शामिल हुए असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्?व शर्मा . श्री शर्मा ने स्थानीय पुराना मंडी प्रागण में रैली से पहले आयोजित जनसभा को संबोधित किया . इस दौरान राज्य के सह प्रभारी नितिन नबीन ,राज्य सभा सांसद पवित्र जी सांसद संतोष पांडे ,पूर्व सांसद अभिषेक सिंह,जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने भी सभा को संबोधित किया.




हेमंत बिस्?व शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि झूठे वादे कर सत्ता तक पहुचने में सफल रही कांग्रेस ने महिलाओ को,युवाओं को ठगने का काम किया है . पूर्ण शराब बंदी का कसम खाने वाले भूपेश बघेल पुरे भारत में घर घर तक शराब पहुचाने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते है .

भूपेश सरकार कहते थे बेरोजगारी भत्ता देंगे मुझे लोग बताते है वो भी आधा अधुरा चूनाव को देखकर अभी चालु किया . भारतीय जनता पार्टी रोजगार देने में भरोषा करती है बेरोजगारी भत्ता देने में . रोजगार तो दे न सके उल्टा पीएससी में बैठे कांग्रेस के बिचोलियों ने और उनसे जुड़े अधिकारियों से पीएससी का सारा कोटा खुद बाट लिया . योग्य यूवा हतोसाहित है इसने युवाओं को भी दोखा दिया है .

उन्होंने कहा धान का समर्थन मूल्य 2100 केंद्र सरकार देती है ,मात्र 600 मिलाकर योजना का झूठा नामकरण कर राजीव न्याय योजना बनाने से न्याय नहीं होता . केंद्र सरकार ने किसान सम्मान निधि से 6 हजार रूपये सीधे किसानो के खाते में भेजा है .समर्थन मूल्य को केंद्र सरकार निरंतर बढ़ा रही है . गरीब ,किसानो ,युवाओं ,महिलाओं घर ,शौचालय ,रोजगार व गैस सिलेंडर देने का काम मोदी जी ने किया .असल में न्याय मोदी जी कर रहे है समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रहे है मोदी जी . उन्होंने कांग्रेस विधायक अकबर व कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा असम में कांग्रेस की सरकार बनी असम बांगलादेशी घुसपैठियों का अड्डा बन गया .हमे रोज इस समस्या से निपटना पड़ता है . एक बाबर आता है पीछे पीछे बाबरों का फौज आ जाता है . लव जिहाद ,लैंड जिहाद अब बर्दास्त नही किया जा सकता . कवर्धा में जो हुआ उसे शुरुवात समझे . उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण बड़ा मुद्दा है सरकार सेक्युलरिज्म के नाम पर किसी भी अपराधी को सरक्षण दे ये सेक्युलरिज्म नहीं होता . भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का मन्त्र दिया ये सेक्युरिजम है पूरा विश्व एक है एक परिवार है . बाबा साहब अम्बेडकर ने जो कहा उस सेक्युलरिज्म को हम समझते है . गरीब ,मजबूर आदिवासी वन वासी भाइयो को लालच ,डर और पैसे खर्च कर धर्मांतरण कराने वालो पर कार्यवाही क्यों नहीं होती .

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का सरकार बनाइए ,विकास के साथ कानून का राज्य हम देंगे . जिन्होंने राम को काल्पनिक कहा वे राम राम कहने लगे क्योंकि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार है उन्होंने धारा 370 हटाया ,श्री राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया अब जनवरी में भव्य मंदिर में राम लला विराजमान होंगे .हम सबको अयोध्या चलना है . उन्होंने कहा असम और छतीसगढ़ संख्या के दृष्टि से एक जैसा राज्य है छत्तीसगढ़ के 10 लाख लोग असम चाय बगान में काम करते है।

# नारी सशक्तिकरण के गीत स्वयंसिद्धा एंथम का विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 अक्टूरबर।** आदिशक्ति स्वरूपा बनकर जीवन ज्योत जगाते हैं राह कठिन हो या पथरीली उनमें भी फूल खिलते हैं यह पंक्तियां है नारी सशक्तिकरण के गीत स्वयंसिद्धा एंथम की। इस गीत का विमोचन डॉ.मोक्षदा (ममता)चंद्राकर जी, कुलपति,इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के कर कमलों से किया गया । स्वयंसिद्धा-ए मिशन विद ए विजन छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था है जो विवाहित महिलाओं की प्रतिभा को मंच व सम्मान प्रदान करती है। संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती द्वारा लिखित व निर्देशित इस गीत को गाया है सोनाली चक्रवर्ती एवं गौतमी चक्रवर्ती ने। गीत का संगीत निर्देशन किया है वि.के. सुंदरेष ने, वीडियो के डीओपी शेखर घोष है व नृत्य संयोजन इज़ा नेल्सन पाल का है।



इसके वीडियो में 200 से अधिक गृहणियों ने अभिनय किया जिसमें स्वयंसिद्धा समूह की 60 सदस्याएं, महाराष्ट्र मंडल सेक्टर 4 की सदस्याएं, भिलाई इस्पात संयंत्र की महिला अधिकारी कर्मचारी, फाउंडेशन प्ले स्कूल की शिक्षिकाएं व पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

डॉ.ममता चंद्राकर जी का कहना है कि इस गीत पर बहुत मेहनत की गई है यह निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। आज सिविक सेंटर में आयोजित एक्सप्रेस वार्ता में डॉ.सोनाली ने बताया कि हम महिला सशक्तिकरण के इस गीत को पूरे देश की महिलाओं को समर्पित करना चाहते थे इसीलिए इसे नवरात्रि में रिलीज किया।

आधी दुनिया नहीं है हम हम हैं दुनिया पूरी
धरती का विश्वास भरा हम इस संसार की धुरी

ऐसे प्रभावी पंक्तियों से सुसज्जित यह गीत महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाएगी। प्रेस वार्ता में स्वयंसिद्धा की संरक्षक डॉ.पूर्णिमा लाल, नीलिमा शुक्ला आदि मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस विभाग ने कसी कमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर को देखते हुए पुलिस विभाग ने कमर कस ली विधानसभा चुनाव में पुलिस प्रशासन के द्वारा वीआइपी और वीवीआइपी की सुरक्षा में लगे वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों में अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुण होना आवश्यक है इससे विभाग की छवि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है वीआइपी के पीएसओ की ड्यूटी में तैनात अधिकारी को हमेशा रिस्क लेने के लिए तैयार होना चाहिए आज भिलाई में आयोजित रेंज स्तरीय कार्यशाला व्हीआई पी सुरक्षा विषय पर दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा ने शुभारंभ किया इस अवसर पर दुर्ग संभाग के पुलिस महानिरीक्षक बद्री नारायण मीणा ने दुर्ग संभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस जवानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों के बीच दुर्ग रेंज के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के



लिए पीएसओ प्रशिक्षण कार्यशाला में दुर्ग रेंज के और एसआइ और आरक्षक मौजूद रहे प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक पुलिस महानिरीक्षक एम एल कोटवानी ने कहा कि वीआइपी की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। सुरक्षा में संलग्न सभी अधिकारियों को अपना 100 प्रतिशत देना आवश्यक है। इसमें एक प्रतिशत भी गलती की गुंजाइश नहीं होती। सुरक्षा में चूक क्षम्य नहीं है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुर्ग एसएसपी राम गोपाल गर्ग ने बताया कि आगामी दिनों में वीआइपी प्रवास के दौरान जिले में उपलब्ध बल द्वारा ही सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंधन किया जाएगा इसलिए सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस कार्यशाला में बताई गई बातों पर ध्यान देना चाहिए। कार्यशाला के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों सवालों के जवाब भी दिए। कार्यशाला में वीआइपी सुरक्षा के सिद्धांत, आपातकालीन उपबंध, आमसभा, मंच, हेलीपेड, मार्ग व्यवस्था समेत अन्य सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

## दाह संस्कार पश्चात 20 वर्षों से रखे हुए अस्थि कलश किए जाएंगे विधिवत विर्सजित

**भिलाई 19 अक्टूबर।** दाह संस्कार के बाद अपनी मुक्ति का वर्षो से बाटजोह रहे मुक्तिधाम में रखे अस्थि कलश को विधिवत विर्सजित करने स्वर्ग धाम सेवा समिति धमतरी को सौपा गया । अंतिम संस्कार हेतु रामनगर मुक्तिधाम लाए जाने के बाद बहुत से मृतक के परिजनों ने अभी तक अस्थिकलश को नहीं ले गये थे, उन सभी अस्थिकलश को विधिवत तर्पण कर विर्सजित करने स्वर्गधाम सेवा समिति धमतरी द्वारा आवेदन पत्र दिया गया था, जिस पर महापौर परिषद ने समिति के कार्य अनुभव को देखते हुए अपनी सहमति प्रदान किया था। भिलाई निगम द्वारा लगभग 20 वर्षो से रखे हुए सभी अस्थि कलश को समिति के अध्यक्ष अशोक पवार एवं पदाधिकारियों को सौंपा गया। वार्ड 14 रामनगर मुक्तिधाम में दाह संस्कार पश्चात अस्थि लेने कुछ परिजन कई दिन बाद भी आते है इसलिए अस्थि को मुक्तिधाम में सुरक्षित रखते है।

# टिकट मिलते ही बधाई देने समर्थक पहुंचे वोरा निवास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग 19 अक्टूबर।** आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनावों के लिए अपनी प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है । कांग्रेस ने आज अपनी दूसरी सूची में 53 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया। इस सूची में दुर्ग शहर विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता एवं वर्तमान विधायक अरुण वोरा को टिकट दिया गया है । अरूण वोरा दुर्ग विधानसभा से सातवीं बार चुनाव लडेंगे । पिछले 2 चुनाव जीतने के बाद वोरा लगातार तीसरे चुनाव जीतने के लिए पूरी तरीके से आश्वस्त है। उनका मुकाबला भाजपा के गजेंद्र यादव से होगा । इधर वोरा निवास सुबह से ही उनके समर्थकों का जमावड़ा लगा रहा हैं। दुर्ग शहरवासियों ने निवास जाकर अरुण वोरा को प्रत्याशी घोषित होने पर बधाई दी। वोरा निवास पर जश्न चलता रहा , समर्थकों ने आतिशबाजिया एवं फूलो माला से अरुण वोरा का स्वागत कर उन्हें बधाई दी । टिकट मिलने पर अरुण वोरा ने देर शाम रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री निवास में भूपेश बघेल से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्हे आश्वस्त किया की आपके नेतृत्व में वापस से कांग्रेस की सरकार बनेगी । वोरा ने टिकट मिलने पर मल्लिकार्जुन खडगे, सोनिया गांधी , राहुल गांधी , प्रियंका गांधी, भूपेश बघेल, दीपक बैज , ताम्रध्वज साहू सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वोरा ने कहा कि दुर्ग शहरवासियों के आशीर्वाद से वह फिर इस बार दुर्ग विधानसभा से विजय होकर आयेंगे एवं दुर्ग शहर में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक मतों से जीत दर्ज करेगी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी दोबारा इस प्रदेश की कमान संभालेंगे।

वापसी मुन्ना पांडे, सोभाराम, पप्पू चंद्राकर सहित 32 निष्कासित नेताओं की वापसी रितेश सेन ने गमछा पहनकर किया सभी का स्वागत सभी को अनुशासन में रहकर भाजपा के लिए कार्य करने के निर्देश- महामंत्री प्रेमलाल भिलाई-भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई अध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरीया, वैशाली नगर प्रभारी बिहार विधायक अरुण प्रसाद सिंह, वैशाली नगर भाजपा प्रत्यासी रिकेश सेन, महामंत्री प्रेमलाल साहू एवं योगेंद्र सिंह ने प्रदेश नेतृत्व के अनुमति से आज निष्कासित एवं निलंबित कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आवेदनों पर उन्हें भारतीय जनता पार्टी की पुन- सदस्यता दी गई सदस्यता देते हुए जिले के महामंत्री प्रेमलाल साहू ने निलंबित एवं निष्कासित कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह पार्टी हित पर कार्य करें एवं पार्टी ने जो पुन- आप पर विश्वास जताया है उसे विश्वास पर कायम रहते हुए भाजपा को विधानसभा मे विजय दिलाने का संकल्प ले। अश्वनी यादव, खिलेश्वरी ढलेन्द्र, श्रीमती ज्योति यादव, झगगर यादव,असपुरन चौधरी, कुमारी बिंदु शर्मा, कमलेश हिरवानी, हरि शंकर यादव, श्रीमती पूर्णिमा ठाकुर, मुरली धर गुल्हने, विमलेश जैन,अजय उपाध्याय, मुकेश पांडे, रंग बहादुर सिंह, ममता शर्मा, योगेंद्र पांडे, पुरेंद्र साहू, सुनंदा चंद्राकर, दीपक चंद्राकर पप्पू, नरेंद्र कुमार बंधे , कृष्णा टंडन, मिलन कुमार चंद्राकर, संध्या बया, लोहिदास, राजदीप नागदेव, रत्नाकर सोना, बासुमति सोना, राजेंद्र कुमार सोनी, निशु पांडे,सोहनलाल देवांगन धर्मिंद देवागन,राजीव चौबे, सोभा राम साहू, सतरूपा निर्मलकर, ऐन अरुण, सोहनलाल साहू, युवराज बांधे, बिंदु शर्मा, कि भाजपा में पुन वापसी हुई उपयुक्त अधिकृत जानकारी मीडिया प्रभारी ठाकुर रणजीत सिंह द्वारा दी गई इस अवसर पर मुख्यरूप से महेश वर्मा शिव सागर मिश्रा, विजेंद्र सिंह, विजय जेसवाल, मनोज तिवारी, विजय शुक्ला ,उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्रो में मतदाताओं को असुविधा न हो व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

**भिलाई।** मतदान केन्द्रो में पानी, बिजली, सफाई, दिव्यांगजनो के लिए रैम्प सिढ़ी तथा महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग प्रशाधन की व्यवस्था हो मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। विधानसभा 65 भिलाईनगर के रिटर्निंग आफिसर एवं आयुक्त रोहित व्यास ने बुधवार को खुर्सीपार गौतम नगर के पंचशील स्कूल के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। उन्होने जोन आयुक्त से कहा कि सभी केन्द्रो में मतदाता के प्रवेश तथा निकासी के लिए दरवाजे हो मतदान केन्द्र में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त हो उन्होने दिव्यांग मतदाताओं के लिए तत्काल रैम्प बनाने को कहा श्री व्यास स्कूल में बनाये गये 6 मतदान केन्द्रो के कमरो को घूम-घूम कर देखे और आवश्यक निर्देश दिए स्कूल प्रागंण की पर्याप्त सफाई करने को कहा मतदान दल के लिए निस्तारी पानी की व्यवस्था तथा पुरूष एवं महिला दल के लिए शौचालय की वर्तमान व्यवस्था में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। कमरो में कक्ष क्रमांक को प्रदर्शित करने तथा मतदान केन्द्र क्रमांक दर्शाते हुए सूचक बोर्ड लगाने को कहा।

समाचार संक्षेप

## पुलिस एक्शन मोड में



**भिलाई 19 अक्टूबर।** दुर्ग जिले में आचार संहित के लगते ही पुलिस एक्शन मोड में आ गई है रात को वरिष्ठ पुलिस अक्षीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने खुद मोर्चा संभालते हुए पुलिस के अधिकारियों के साथ छावनी एरिया में पैदल मार्च किया अ?र लोगों को यह बताया कि आचार संहिता के नियमों का पालन करना बेहद जरुरी है। अगर नियमों की अनदेखी की गई तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। वहीं त्योहारी सीजन में आम जनता को अलर्ट रहने की समझाईश दी गई। वहीं वरिष्ठ पुलस अक्षीक्षक ने छावनी थाने का भी निरीक्षण किया।

## एक्टिवा वाहन चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई 19 अक्टूबर।** एक्टिवा वाहन की चोरी करने वाले आरोपी को पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से होंडा एक्टिवा को जब्त किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है पद्मनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि प्रार्थी प्रवीण कुमार चंद्राकर पिता सी.के. चंद्राकर निवासी विद्युत नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 अक्टूबर को उसके घर के सामने खड़ी उसकी होंडा एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 बी टी 1044 की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है शिकायत के बाद पद्मनाभपुर थाना पुलिस जांच में जुटी हुई थी।

## बुजुर्ग से 2 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई 19 अक्टूबर।** वैशाली नगर थाना अंतर्गत अंजान व्यक्ति ने झांसा देकर एक बुजुर्ग से 2 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है वैशालीनगर पुलिस ने बताया कि गुरुनानक नगर निवासी प्रदीप कुमार पाठक (52 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे प्रार्थी की पत्नी के मोबाइल पर अजान व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि मामी मुझको पहचाने तो वह बोली कि नहीं पहचानी तब अनीता ने फोन प्रदीप को देकर बात कराई। वह पंजाबी टोन में बात कर रहा था। बोला कि मैं लवी बोल रहा हूं। 10 नवंबर को इंडिया आ रहा है। प्रार्थी को अज्ञात शख्स ने बताया कि उसके पास 16 लाख रुपए है,जिसे इनवेस्ट करना है। आप घर में मत बताना और प्रार्थी से एकाउंट नंबर मांग लिया प्रार्थी ने अज्ञात व्यक्ति को अपना एकाउंट नंबर दे दिया इसके बाद फोनकर बोला कि एजेट को 4.30 लाख रुपए देना है देखो आपके खाते में पैसा आ गया है। एजेट का फोन आएगा तो उससे बात कर लेना। कुछ समय बाद एजेट का फोन आया कि उसकी दादी दिल्ली में एडमीट है तो 4.50 लाख आप भेज दो। प्रार्थी ने उसे कहा कि उसके एकाउंट में पैसा नहीं है जिद करने पर प्रार्थी ने केनरा बैंक के एकाउंट से 2 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। बात में ठगी का एहसास होने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस इस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।





**भिलाई 19 अक्टूबर।** टिकट मिलने के बाद मां का आशीर्वाद लिया और सेक्टर 9 सिद्ध हनुमान मंदिर में मत्था टेका।

# धान के बोनस और चावल घोटाले के सरगना की हार सुनिश्चित:भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** विधानसभा चुनाव के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी, विधानसभा अध्यक्ष डा.चरणदास महंत जी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के साथ राजनांदगांव के स्टेटहाई स्कूल मैदान में उत्साहित जनसमूह की सभा को संबोधित किए।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव होने वाले क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन जमा कराने के तारतम्य में राजनांदगांव जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों राजनांदगांव से गिरीश देवांगन, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल, खुज्जी से भोलाराम साहू, डोगरगांव से दलेश्वर साहू के नामांकन अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में राजनांदगांव की जनता ने आंखफोड़वा कांड में अपनी आंखें गंवाई है। माताएं, बहने नशबंदी कांड एवं गर्भाशय कांड में अपने मातृत्व पर चोट खाई है और तो और राजनांदगांव की धरती भाजपा सरकार के अन्याय के चलते किसानों के मौत का मंजर भी देखा हैं जिसे वह भूली नहीं है। किसानों को भाजपा सरकार धान का समर्थन मूल्य 2100 रूपए देना तो दूर पहल तक नहीं किए और किसानों को धान का बोनस भी न देकर उन्हें कृषि से दूर कर अपने पूंजीपति मित्रों को जमीन बेचने पर मजबूर करने का काम करती रही। 15वर्षीय भाजपा सरकार ने किसानों को, महिलाओं को, युवाओं को ठगा है इससे यह तो साफ हो गया कि भाजपा ठग विद्या में माहिर है। छत्तीसगढ़ के नान घोटाले के आरोपी के नामांकन अवसर पर अमित शाह शामिल होकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का सबूत देकर गए है। प्रदेश की जनता भाजपा को उखाड़कर फेंकी है। कांग्रेस सरकार की नीति और नियत से किसान खुशहाल होकर जीवन यापन कर रहे है। किसान का कर्जा माफी से एवं धान के वाजिफ हक मिलने से खुशहाल है जिसे भाजपा देख नहीं पा रही है और लगातार झूठ की राजनीति कर लोकतंत्र को कलंकित कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उर्जावान अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा को संबोधित करते हुए एवं भाजपा को कड़ी चुनौती देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की योजनाओं से भयभीत है इसलिए बेतूके धमकी भरी बातें सार्वजनिक मंच में कर रहे हैं उन्हें याद होना चाहिए कि वह जिस मंच पर भाषण दे रहे हैं वह मंच भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है। यह लड़ाई छत्तीसगढ़ की जनता, किसानों व युवाओं की लड़ाई है और इस लड़ाई में हम जितेंगे अभी हमारा मकसद पूरा नहीं हुआ है। पांच साल में छत्तीसगढ़ का विकास किया है अभी और विकास करना है। हमारी लड़ाई उन लोगों के साथ है जो छत्तीसगढ़ की अस्मिता को खत्म करना चाहते है, जो किसानों और युवाओं को बर्बाद करना चाहते है। आप लोगों के आज के जोश और उत्साह से साफ नजर आ रहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने विकास का जो बीड़ा उठाया है उसका लाभ आम जनता को मिला है। मंच से चारों विधानसभा जीत का संकल्प उपस्थित जनसमूह को दिलाया। विधानसभा अध्यक्ष डा.चरण दास महंत ने कहा कि आज राजनांदगांव की जनता के लिए एक सुअवसर आया है कि अपने भांचा के लिए कुछ करने का मौका मिला है। मेरा एक निवेदन है कि भांचा को अपना आर्शीवाद प्रदान कर राजनांदगांव का नेतृत्व सौंपे और यहां का विकास की जो गति है वह देखते बनेगी।

## एक नजर

### नोटा दबायेगा, नोटा दबाने का प्रचार करेंगे



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम भर्रेगांव में रांऊलगोंदी में स्वाभामी कांग्रेस एवं बाहरी प्रत्याशी विरोध में 5घंटे बैठक हुआ बैठक दौरान भाजपा आप पार्टी अन्य दलों संपर्क किया लेकिन सभी ठुकराया और सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी नहीं उतारने बात रखा बैठक में विषय वार्ता हुआ गिरिश देवांगन को किस हिसाब से कांग्रेस प्रत्याशी बनाया हाईकमान द्वारा प्रत्याशी चयन को लेकर फार्म भरवाया लेकिन बाहर से प्रत्याशी थोपा गया अब कांग्रेस ने निखिल द्विवेदी हमारे लोगों प्रति प्रदेश में उल्टा बात कर निखिल हीरो बनने चक्कर किसी गांव आयेगा परिणाम कुछ भी होगा निखिल द्विवेदी के पास गामीण दो चार गांवों गिनती के गिरीश देवांगन समय रहते हुए बैठक कर सकता घमंड रहेगा तो नोटा वोट डालेगा ब्लांक अध्यक्ष ग्रामीण घनश्याम देवांगन अपने आप को मंत्री समझा रहा लेकिन एक एक लोगों समुह योगदान कांग्रेस कमेटी रहता है क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य अंगेशवर देशमुख जी क्षेत्रीय लोगों नाराजगी सभी विषयों चर्चा कर नोटा दबाओ और और नोटा में दबावों बैठक सर्वसम्मति से 200लोगो पारित किया 36गांवो जनपद सदस्य सरपंच संगठन लोगो उपस्थित रहा।

### राजनांदगांव सिटी कोतवाली पुलिस ने किया 16 वाहनों का चालान



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है कि इसी क्रम में दिनांक 17.10..2023 एवं 18.10.2023 को चारपहिया व दुपहिया वाहन कुल 16 वाहन के चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत चालानी कार्यवाही कर 4800/- रूपये समन शुल्क राशि लिया गया। 02 चारपहिया वाहन के चालको द्वारा नंबर प्लेट में महा सचिव व अन्य पद नाम लिखा होना पाया गया, 03 वाहन के चालकों द्वारा प्रेशर हार्न लगाकर तेज ध्वनि से बजाते पाये जाने पर वाहन से प्रेशर हार्न को निकाल कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया एवं 11 वाहन के चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन करते नहीं पाये जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, आगे भी चुनाव आचार सहिता के पालन में कार्यवाही जारी रहेगी।

### दुनिया भर में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के शोरूम की संख्या 333

**रायपुर 19 अक्टूबर।** गोल्ड ज्वेलरी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े खुदरा विक्रेताओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दिल्ली के राजौरी गार्डन, हरियाणा के अंबाला, गुजरात के भावनगर और मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक साथ चार शोरूम लॉन्च कर दुनिया भर में अपने शोरूम की संख्या 333 तक पहुंचा दी है. मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक (भारतीय परिचालन) अशर ओ, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक (अंतरराष्ट्रीय परिचालन) शामलाल अहमद, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स समूह कार्यकारी निदेशक ए.के. निषाद, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के रिटेल ऑपरेशंस हेड (शेष भारत) पी.के. सिराज और अन्य निदेशकों व शीर्ष प्रबंधन टीम के साथ मिलकर सभी शोरूम का वर्चुअली उद्घाटन किया. भारत में खुदरा कारोबार के विस्तार के इस नए चरण के बाद मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के पास अब दिल्ली में 11 शोरूम, हरियाणा में 5 शोरूम, गुजरात में 7 शोरूम और मध्य प्रदेश में 4 शोरूम हो गए हैं. मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 24 में वैश्विक शोरूम की संख्या बढ़ाकर 365 करने का है. अभी समूह की 11 देशों में खुदरा उपस्थिति है. समूह यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में शोरूम खोलने की प्रक्रिया में है. एक साथ चार शोरूम के लॉन्च मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, ÷यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि हमने दुनिया भर में अपने शोरूम की संख्या बढ़ाकर 333 कर दी है. हमारा बहुमुखी डिजाइन ग्राहकों की उभरती संवेदनशीलता पर खरा उतरता है. साथ ही गुणवत्ता, पारदर्शिता और सबसे बेहतर ग्राहक-सेवाओं की हमारी प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करता है।

## भूमिहार ब्राह्मण समाज ने किया कोडरमा के पूर्व सांसद डॉ रविन्द्र, कु.राय का सम्मान

**रायपुर 19 अक्टूबर।** ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं सभी सदस्यों ने रायपुर के राजनीतिक प्रवास पर आए हुए डॉ रविंद्र कुमार राय जो कोडरमा से भाजपा के पूर्व सांसद रहे हैं और वर्तमान में बने हुडको के स्वतंत्र निदेशक है, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया है।



ब्रह्म ऋषि भूमिहार समाज रायपुर के अध्यक्ष राजीव पांडे ने जानकारी देते हुए बताया की डॉ रविंद्र राय समाज के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहे हैं और समय-समय पर वह भूमिहार समाज को मार्गदर्शन भी देते हैं और भारतवर्ष में कहीं भी अगर जाना होता है उनका तो समय निकालकर अवश्य समाज के लोगों से व्यक्तिगत मिलते हैं और समाज के सही दिशा को जिसमें युवाओं को लेकर अपना मार्गदर्शन देते हैं युवा वर्ग जो है आजकल तेजी से नशा की और बढ़ते जा रहे हैं उसको भूमिहार समाज किस तरह से रोके और परिवार में एक जागरूकता अभियान चलाएं। छत्तीसगढ़ में चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य में कहीं ना कहीं प्रगति रुक चुकी है ,रोजगार की समस्या आ रही है इस बार हमें अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव इस समाज का दायित्व भी बनता है । इसके बारे में भी उन्होंने ब्रह्म ऋषि भूमिहार समाज में विशेष रूप से चर्चा की और लोगों को आगे बढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जोर डाला। उपस्थित सदस्य, सुधीर राय, अवधेश पांडे, राजेश पांडे, ओम प्रकाश राय, शेषनाथ तिवारी, कृष्ण मोहन चौबे,अजय शर्मा, और अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मतदाताओं को मतदान के लिए लगातार किया जा रहा जागरूक



**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत छात्राओं द्वारा पोस्ट कार्ड अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जो छात्राएं अपने घर से दूर या पालकों से दूर हैं, उन्होंने पोस्टकार्ड के माध्यम से अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए पत्र लिया। पत्र में अभिभावकों को दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। छात्राओं द्वारा पोस्टकार्ड लेखन में घर से बाहर रहने वाले मतदाता को मतदान तिथि 7 नवंबर 2023 को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, स्वीप प्रभारी श्री अमरनाथ निषाद, जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## 19 ने लिया नाम निर्देशन पत्र 7 अभ्यर्थियों ने जमा किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हो गई है। आज 18 अक्टूबर 2023 को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के कुल 19 व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 7 व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। अब तक जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 66 व्यक्तियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 11 व्यक्तियों द्वारा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए 3, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव के लिए 10, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए 2 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए 4 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। वहीं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी गिरीश देवांगन, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76-डोंगरगांव के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री दलेश्वर साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के श्री भरत लाल वर्मा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भोलाराम साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती गीता साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा ने बताया कि अब तक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए 15, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव के लिए 29, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 76- डोंगरगांव के लिए 12 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए 10 व्यक्तियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74 - डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति) के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री विनोद खांडेकर एवं श्री राजेश श्यामकर, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल तथा निर्दलीय अभ्यर्थी श्री दुर्जनलाल खरे, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75- राजनांदगांव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी डॉ. रमन सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री गिरीश देवांगन एवं निर्दलीय अभ्यर्थी श्रीमती दीपा रामटेके, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77- खुज्जी के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भोलाराम साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती गीता साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

## भैसबोड़ में बनी चंद्रयान-3 की झांकी मन मोह रही

**अंवरी 19 अक्टूबर।** ग्राम भैसबोड़ में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्री का पर्व धूमधाम से मनाया जा रह। यहां समस्त ग्रामवाशियो एवं सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना बाजार चौक में माता दुर्गा का पंडाल सजाया गया है साथ ही चंद्रयान-3 की झांकी भी बनाया गया। झांकी में चंद्रयान-3 को लांच करने से लेकर चन्द्रमा के ध्रुवीय कक्ष में उतरने तक का दृश्य दिखाया गया है, जो बड़ा ही मनोहारी लग रहा है। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति के द्वारा इस वर्ष भी भैसबोड़ के खंतीपारा में अनोखे एवं भव्य कृत्रिम गुफा बनाकर 151 मूर्तियों की स्थापना किया गया है। यह गुफा सर्पिले आकार में 1200 मीटर की लम्बाई से बनाया गया है 7 गुफा का प्रवेश द्वार मगरमच्छ के आकार के जैसा है 7 इस अनोखे गुफा में अनेको प्रकार की झाँकिया भी सजायी गई है जिसमें प्रमुख रूप से माता काली की विकराल रूप का दर्शन, शंकर पार्वती विवाह, गौरा-गौरी दर्शन,श्री राम जी का भव्य दरबार , भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओ सहित



पूतना वध , शंकर भगवान की जटा से गंगा बहना, नीलकंठ भगवान के द्वारा विष ग्रहण करना और इसी तरह अनेकों प्रकार की झांकियां इस गुफा में बनाया गया है जो बहुत ही नयनाभिराम है। साथ ही शिव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा टिकरापारा में छत्तीसगढ़ के चारों दिशाओं में विराजित देवियों का स्थापना भी किया है यहां भी अनेको प्रकार की झांकी सुसज्जित किया गया है। जिसे भी एक भव्य पंडाल सजाकर स्थापित किया गया है, जहां जिस देवी विराजित है वहां का उसी प्रकार स्थान बनाकर इस पंडाल में माता रानी को विराजित किया गया है ।साथ ही शिव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा नया बाजार चौक में भी माता रानी की एक-एक मूर्ति स्थापना किया गया है।

## अमितेश शुक्ला को कांग्रेस से टिकट मिलने पर समर्थकों में खुशी



**राजिम 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी है जिसमें 53 प्रत्याशियों का नाम शामिल है जिसमें 10 विधायकों का टिकट काटा गया है तो वही 17 नए चेहरे को पर दाव लगाया गया है पार्टी ने अब तक 83 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई है 7 सीटों पर अभी भी सस्पेंस बरकरार है वहीं राजिम विधानसभा क्षेत्र में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा विधायक अमितेश शुक्ला को राजिम विधानसभा से टिकट मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पता चला कि अमितेश शुक्ला को टिकट मिल गई है फिर पटाखे फोड़ कर प्रसन्नता जाहिर की बता देना जरूरी है कि इस बार कांग्रेस पार्टी से राजिम विधानसभा में विधायक पद की उम्मीदवारी के लिए पार्टी से ही 33 लोगों ने फॉर्म भरा था उसके बाद से अलग-अलग चर्चाएं चल रही थी कोई किसी को टिकट मिलने की बात कर रही थी तो कोई किसी को वहीं केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा कुछ विधायकों के टिकट काटने की भी जानकारी दी जा रही थी जिसके चलते समर्थक सस्पेंस में थे परंतु अमितेश शुक्ल आश्वस्त थे उन्होंने सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक 58000 से अधिक मतों के साथ जीत पक्की की थी जिसके चलते पूरे प्रदेश के साथ ही दिल्ली तक चर्चा का माहौल था बताना जरूरी है कि अविभाजित मध्यप्रदेश में सन् 1998 में पहली बार विधायक बने सन 1 नवंबर 2000 में मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आए और अजीत जोगी मंत्रिमंडल में प्रदेश के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री बनाए गए। सन 2003 के चुनाव में भाजपा के चंदूलाल साहू अमितेश शुक्ला को करारी शिकस्त दी उस समय चर्चा आम थी कि अमितेश शुक्ल नए नवेले कैंडिडेट से हार गए 5 साल इंतजार करने के बाद सन् 2008 के चुनाव में फिर विधायक बने तब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और इन्हें विपक्ष में बैठना पड़ा सन् 2013 के चुनाव में फिर से हार का सामना करना पड़ा और भाजपा के उम्मीदवार संतोष उपाध्याय उन्हें करीब 2500 वोटो से हरा दिया। सन् 2018 के चुनाव में फिर से विधायक के पद को प्राप्त कर लिया और इस बार तो उन्होंने सर्वाधिक वोटो से विजय प्राप्त की चर्चा का माहौल था कि विधायक अमितेश शुक्ला को मंत्री पद दिया जाएगा लेकिन इन्हें भूपेश मंत्रिमंडल में कोई भी मंत्री का पद नहीं दिया गया और पूरे 5 सालों तक विधायक के रूप में बने रहे कांग्रेस ने पुनः इस बार अमितेश शुक्ल पर विश्वास जाते हैं और पार्टी ने उन्हें टिकट दे दी है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद अमितेश शुक्ल अपनी परंपरागत सीट से दो बार चुनाव जीते तो दो बार हर भी पिता पंडित श्यामा चरण शुक्ला से मिली राजिम विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अमितेश शुक्ल अपना परिवार मानते हैं उल्लेखनीय की 12 अक्टूबर 1957 में जन्मे अमितेश शुक्ल बी कम एम ए राजनीति शास्त्र तथा एलएलबी की पढ़ाई किए हैं इनके दो पुत्र है वह सन् 1982-83 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य रहे तथा 1984- 85 में एग्जीक्यूटिव कमेटी सदस्य मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी रहे। सन् 1992 से 94 तक जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। सन् 1997 से 2000 तक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्रथम कार्यकाल में ही कैबिनेट मंत्री बनाए गए उसके बाद दो बार विधायक रह चुके हैं।

## प्रदूषण को लेकर चिंतित न्नाभन कुमार निकले हैं साइकिल से 11 देश की यात्रा पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद 19 अक्टूबर।** कन्याकुमारी के न्नभन कुमार उम्र 22 वर्ष इन दोनों कन्याकुमारी भारत से 11 देश इंडिया, भूटान, नेपाल, वियतनाम, थाईलैंड, सिंगापुर, कंबोडिया, चाइना, साउथ कोरिया के साथ अन्य देशों की यात्रा पर सायकल से निकले हैं ।दरसल इनका उद्देश्य वायुमंडल में जो कार्बन बढ़ रहा है जिसके चलते प्रदूषण खतरे के निशान के उपर पहुंच रहा है।इससे आने वाले कल में लोगों को सांस लेने में तकलीफ होगी ,वहीं भारत के विभिन्न समुद्र किनारो पर बसे मुंबई चेन्नई कन्याकुमारी व अन्य शहर 2070 तक आधे शहर समुद्र मे डूब जाएंगे इस बात से चिंतित न्नाभन कुमार डीजल पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को छोड़कर साइकिल से यात्रा करने के लिए प्रेरित करने हुए निकले हुए हैं ।वे रास्तो के विभिन्न शहरों के कॉलेज और स्कूलों में इस पर व्याख्यान देते हुए वे गरियाबंद पहुंचे है। वे कहते हैं इसका सारा खर्च वह स्वयं बहन करते हैं रास्ते में कोई मदद कर दे या खाना खिला दे तो यह अलग बात होती है

वैसे तो नाभन कुमार कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक साल पूर्व भी साइकलिंग कर चुके हैं। उन्होंने 167 दिनों में 5500 किलोमीटर का दौरा कर सफलतापूर्वक तय किया था ।आज एक डेढ़ साल के बाद वे नए उद्देश्य को लेकर कन्याकुमारी निवास स्थान से 11 देश के सफर करने निकले हैं उनका अनुमान है ये 72 हजार किलोमीटर का सफल होगा जो 3 साल 6 माह में पूरा कर लेंगे ।इस दौरान वे 11 देश का भ्रमण करगे इनसे बात करने पर वे कहते हैं उनके परिवार के लोग पहले साइकलिंग पर निकलने पर चिंतित रहते थे किंतु अब वह स्वयं भी चाहते हैं कि प्रदूषण के खतरे से आम लोगों को अवगत करा अपना सफर जारी रखें उनके पिता वैसे तो एल आई सी के एजेंट है ।वे बताते हैं कि छत्तीसगढ़ देश का सबसे सुंदर और हरियाली युक्त प्रदेश है यहां के लोग बड़े सरल और मिलनसार हैं प्यार करना जानते हैं इसलिए छत्तीसगढ़ उन्हें काफी पसंद आ रहा है ।वे कन्याकुमारी से बस्तर के केशकाल होते हुए मैनपुर गरियाबंद से राजिम रायपुर के लिए आगे बढ़ रहे हैं । वे प्रदूषण को लेकर बेहद फिक्रमंद है कहते हैं कि 2070 तक समुद्र के किनारे बसने वाले आधे शहर खत्म हो जाएंगे ।दरसल जो पहाड़ बर्फ से ढके हैं वे प्रदूषण व तपिस के चलते पिघलेंगे और समुद्र का जल स्तर इतना ऊपर उठ जाएगा की समुद्र के किनारे के आधे शहरो को अपने अंदर समा लेंगे जिसमें उनका भी शहर कन्याकुमारी शामिल है इसी चिंता लेकर प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने साइकिल से सफर करने हेतु प्रेरित करते हुए लोगों को पेट्रोल डीजल के वाहनों से सफर करने से बचने की अपील करते हुए 11 देश के सफर पर निकले है। उन्हें मालूम है कि उनके अकेले प्रयास से कोई हल नहीं निकलने वाले हैं इसलिए वे लोगों को जागरूक करने के लिए निकले हुए हैं




## भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 19 अक्टूबर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने खैरागढ़ की विराट जनसभा में हुँकार भरते हुए यह कहा कि आप सबका जोश और बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि आगामी 3 दिसम्बर को कमल खिलने वाला है। खैरागढ़ विधानसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह के नामांकन दाखिले के लिए पहुँचे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इससे पहले ईतवारी बाजार में हुई सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल में केवल घोटाले ही घोटाले हुए है घोटाले की इतनी बड़ी सूची मैंने सार्वजनिक जीवन में कही नही देखी कांग्रेस ने 2018 में गंगाजल की कसम खाकर शराबबंदी का वादा किया था लेकिन शराबबंदी नही हुई बल्कि शराब घोटाला 2 हजार करोड़ का हो गया वही नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के नाम से जमकर घोटाला हुआ है पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह विधानसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के भय आतंक वाले सत्ताधारी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का चुनाव है कांग्रेस सरकार शराबबंदी की बात करके गली गली में शराब बेचने का काम कर रहे है वही शराब पिलाकर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है।श्री सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने 13 सौ करोड़ रुपये का पैरा सफा चट कर दिया और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने तंज कसा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो बच्चो की नौकरीयो को भी नही छोड़ा पब्लिक सर्विस कमीशन का घोटाला कर बच्चो की नौकरियों में भी कमीशन लेने का काम किया है।श्री सिंह ने कहा कि विक्रांत को खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनाइये और इनके ईमानदारी की गारंटी मेरी है और पूरी निष्ठा से विक्रांत खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास करेगा।सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ का कोई विकास नही किया है जबकि पूर्व के भाजपा शाशनकाल में विकास की कोई कमी नही हुई थी जिसमे खैरागढ विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है वनांचल क्षेत्र बकरकट्टा से लेकर मैदानी इलाकों में अनेक कार्य हुए है जिसमे छुईखदान से बकरकट्टा सड़क भाजपा शासन में 60 करोड़ रुपये से बना हुआ है इसी प्रकार गंडई में 132 केव्ही लाईन फीडर, एसडीओपी कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय से लेकर छुईखदान में कृषि महाविद्यालय इसी प्रकार खैरागढ से जालबांधा सड़क व खैरागढ से अतरिया होते हुए धमधा सड़क निर्माण व रानी रश्मि देवी जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य व मुतेड़ा नहर लाइनिंग कार्य जैसे अनेक कार्य भाजपा शासनकाल में हुए है वही कांग्रेस सरकार ने पिछले साल उपचुनाव में कई घोषणा कर दिया लेकिन अभी तक घोषणा पूरा नही कर पाए।




### ईव्हीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडामाईजेशन 20 अक्टूबर को

**धमतरी 19 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडामाईजेशन आगामी 20 अक्टूबर को किया जाना है। ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों के प्रथम रेंडामाईजेशन के बाद मशीनों को रिटर्निंग अधिकारियों के स्ट्रांग रूम (शासकीय भोपालराव पवार पॉलिटेक्निक, रूद्री) में स्थानांतरित करने और ईएमएस सॉफ्टवेयर में एंट्री की कार्यवाही की जाएगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी कर उक्त कार्यवाही के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन) धमतरी एवं ईव्हीएम नोडल अधिकारी की उपस्थिति में सीलबंद ईव्हीएम, वीवीपैट गोडाउन को 20 अक्टूबर के दोपहर 12 बजे से कार्य समाप्ति तक खोलने एवं बंद करने की अनुमति प्रदान किये हैं।

## संपादकीय

# यह देश के लिए अच्छा है

समलैंगिक विवाह को विश्व के 34 देश मान्यता देते है। इस आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी कि भारत में भी समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जानी चाहिए। याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। वकीलों के तर्क सुने और फैसला सुरक्षित रख लिया था। समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया है कि यह विवाह कानूनन मान्य नहीं है, इसलिए इसे मान्यता नहीं दी जा सकती।कोर्ट का कहना है कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देने का कानून सुप्रीम कोर्ट नहीं बना सकता, संसद बना सकती है। इसलिए वही समलैंगिक विवाह को कानून बनाकर मान्यता दे सकती है। समलैंगिक समुदाय ने बच्चा गोद लेने की अनुमति वाली याचिका भी दायर की थी, इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि समुदाय बच्चा भी गोद नहीं ले सकता। कोर्ट ने समलैंगिकता को समस्या तो माना है लेकिन उनके विवाह को कानूनी मान्यता देने से इंकार कर दिया कि यह उनका मौलिक अधिकार नहीं है।डीवाई चंद्रचूड़ का कहना था कि संविधान बतौर मौलिक अधिकार विवाह के हक की गारंटी नहीं देता है।उनका मानना है कि समलैंगिकता शहरों तक ही सीमित नहीं हैं ,गांवों तक समलैंगिक हो सकते हैं।उनका कहना था कि विवाह की कोई सार्वभौमिक अवधारणा नहीं है।नियमों के कारण इसे कानूनी संस्था का दर्जा मिल गया है।संस्थागत सीमाओं के कारण सुप्रीम कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट को रद्द नहीं कर सकता।यह विधायिका का नीतिगत मामला है, इससे अदालत को दूर रहना होगा।सीजीआई का कहना है कि यह रूढ़िवादी विचार है कि विषमलिंगी जोड़ा ही अच्छे माता-पिता होते हैं। अविवाहित जोड़े बच्चा तब ही गोत ले सकते हैं जब दो साल तक वैवाहिक रिश्ते में रहे।जस्टिस नरसिम्हा ने कुछ बिंदुओं पर चीफ जस्टिस के फैसले से अलग राय रखी।कहा एलजीबीटीक्यू को लिंग पहचान व यौन अभिन्याय का अधिकार व सहवास का अधिकार है।विवाह कोई अयोग्य अधिकार नहीं है।मेरी राय में विवाह विधायी हस्तक्षेप से निर्धारित होता है।विधायी ढांचे के प्रभाव की समीक्षा के लिए विचार विमर्श की जरूरत है।जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि वह जस्टिस भट सहमत हैं।सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिकों के हक के लिए कुछ निर्देश दिए हैं-यह देखा जाए कि समलैंगिकों से भेदभाव न हो,लोगों को जागरूक करें ताकि उत्पीड़न रुके,समलैंगिक जोड़ा पुलिस में शिकायत करे तो जांच के बाद उसे उचित सुरक्षा मिले।समलैंगिकों के राशन कार्ड में उनकी पहचान के लिए कदम उठाए जाएं। केंद्र व राज्य सरकारे योजनाओं के लाभ से समलैंगिकों को रोके नहीं। जब समलैंगिकों के विवाह को मान्यता के अधिकार पर सुनवाई हो रही थी तो केंद्र सरकार की तरफ से साफ कह दिया गया था कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के बाहर का है। तब ही यह साफ हो गया था कि इस मामले सुप्रीम कोर्ट लाख सुनवाई कर ले लेकिन वह कर कुछ नहीं सकता। क्योंकि संसद व न्यायपालिका दोनों के अधिकार अलग अलग है। संसद न्याय नहीं कर सकती और कोर्ट कानून नहीं बना सकता। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच में समलैंगिकों के अधिकार को लेकर भिन्न मत थे। इस मतभिन्नता के कारण ही समलैंगिकों के विवाह को मान्यता न देने का फैसला हो सका है। इससे साफ है कि हमारे सुप्रीम कोर्ट के कुछ जज कुछ जजों की तुलाना में हमारी भारतीय संस्कृति को ज्यादा समझते हैं, इसलिए हमारी भारतीय संस्कृति आधुनिकता के नाम पर बदले जाने के बची हुई है। जो लोग हावर्ड से पढ़कर आते हैं वह सोचते हैं कि विश्व के आधुनिक देशों में जो हुआ है, हो रहा है, वही अच्छा है, भारत में भी ऐसी ही होना चाहिए। ऐसे ही लोग इस देश को पिछड़ा समझते हैं और इस देश में वैसा बदलाव चाहते हैं जो इस देश के लिए, यहां समाज के लिए, यहां की संस्कृति के लिए ठीक नहीं है। भारतीय मान्यता है कि विषमलिंगी से ही बच्चे का जन्म होता है, इसलिए दोनों के प्यार से ही बच्चे का समुचित शारीरिक, मानसिक व बौध्दिक विकास होता है, यह सदियों पुराना सच है। यह रूढिवादिता नहीं है।

# अदालत का फैसला भारतीय संस्कृति की जीत

**चर्चित मुद्दा**
**ललित गर्ग**



समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता का मुद्दा भारतीय जनजीवन में लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक शादी को स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत मान्यता देने से इनकार कर वाकई ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संवैधानिक बेंच का यह फैसला भारतीय संस्कृति, भारतीय परम्पराओं, जीवनमूल्यों, संस्कारों, आदर्शों और भारतीयता की जीत है। अदालत ने समलैंगिक कपल को बच्चे गोद लेने का हक भी देने से इंकार किया है। अदालत का फैसला भारतीय जन भावनाओं एवं संस्कारों की पुष्टि भी करता है साथ ही भारतीय मूल्यों, संस्कृति एवं आदर्शों को धुंधलाने एवं आहत करने वाली विदेशी ताकतों को चेताता है जो कि भारत का सामाजिक एवं पारिवारिक चरित्र बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं। निश्चित ही अदालत का यह सराहनीय फैसला भारत की अतीत से चली आ रही विवाह परम्परा एवं संस्कृति को जीवंत रखने एवं मजबूती देने का अनूठा उपक्रम है।



कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, उनकी व्याख्या कर सकता है। स्पेशल मैरिज ऐक्ट में बदलाव करना संसद का काम है। निश्चित ही सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी गौर करने योग्य है। सम्मानित एवं विद्वान न्यायमूर्तियों ने यह स्वीकार किया है कि समलैंगिक सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तियों के एक नागरिक के नाते जो अधिकार हैं वे उन्हें मिलने चाहिए और सामाजिक क्षेत्र में अन्य नागरिकों की तरह उन्हें भी बराबर के मौलिक अधिकार दिये जाने चाहिए परन्तु जहां तक उनके आपस में ही शादी करने का मामला है तो यह विषय संसद में बैठे जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को देखना चाहिए। वैसे जो लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिये जाने के पक्ष में खड़े थे या अब भी खड़े हैं उन्हें समझना चाहिए कि हिंदू धर्म में शादी के गहरे अर्थ है, विवाह, जिसे शादी भी कहा जाता है, दो विपरीत लिंगी लोगों के बीच एक सामाजिक या धार्मिक मान्यता प्राप्त मिलन है जो उन लोगों के बीच, साथ ही उनके और किसी भी परिणामी जैविक या दत्तक बच्चों तथा समधियों के बीच अधिकारों और दायित्वों को स्थापित करता है।

विवाह मानव-समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा या समाजशास्त्रीय संस्था है। यह समाज का निर्माण करने वाली सबसे छोटी इकाई- परिवार-का मूल है। यह मानव प्रजाति के सातत्य को बनाए रखने का प्रधान जीवशास्त्री माध्यम भी है। शादी केवल यौन सुख भोगने का एक अवसर नहीं बल्कि वंश परम्परा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। भारतीय परम्परा एवं संस्कृति में विवाह द्वारा शारीरिक संबंधों को संयमित रखने, संतति निर्माण करने, उनका उचित पोषण करने, वंश परंपरा को आगे बढ़ाने और अपनी संतति को समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने जैसे जिम्मेदारी भरे कार्य भी किये जाते हैं। जबकि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल जाने का अर्थ होगा प्राचीन उच्च एवं आदर्श मूल्यों पर कुठाराघात करना। पश्चिमी देशों से आंधी की तरह देश में प्रवेश कर ही इस तरह की परम्पराओं को लेकर आम जनता में समर्थन बढ़ना कोई आश्चर्य की बात नहीं है, इसलिये वस्तुतः देश में समलैंगिक विवाह को लेकर दो तरह की धारणाएं रही हैं। देश में एक बड़ा वर्ग इसे कानूनी और सामाजिक-धार्मिक स्तर पर मान्यता देने का विरोधी रहा है। वह इसलिए भी कि भारतीय समाज में इस तरह की स्वच्छंद, उच्छृंखल एवं स्वैच्छाचारी जीवन शैली की अनुमति कहीं नहीं है। वैसे भी कानून बनाने की जहां भी बात आती है वहां यह अपेक्षा जरूर रहनी चाहिए कि संस्कृति व परम्पराओं की अनदेखी नहीं हो। हां, गिने-चुने लोग समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्षधर भी हो सकते हैं। अब अदालत ने यह मुद्दा संसद के हवाले कर दिया है, लेकिन अहम सवाल यह भी है कि क्या संसद इस दिशा में अपनी तरफ से पहल करके ऐसा कोई कानून बनाएगी? संसद को व्यापक परिवेश में भारतीय परम्परा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को देखते हुए आगे का रास्ता बनाना चाहिए। मौजूदा सरकार का इस सवाल पर दिखा रुख आशान्वित कर रहा है क्योंकि सरकार का तर्क है कि समलैंगिक विवाह को इसलिए मान्यता नहीं दी जा सकती, क्योंकि कानून में पति और पत्नी की परिभाषा जैविक तौर पर दी गई है। उसी के मुताबिक दोनों के कानूनी अधिकार भी हैं। समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से गोद लेने, तलाक, भरण-पोषण, विरासत आदि से संबंधित मुद्दों में बहुत सारी जटिलताएं पैदा होंगी। इन मामलों से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधान पुरुष और महिला के बीच विवाह पर आधारित हैं। पुरातन और आधुनिक सोच में फंसे इस जटिल विषय पर कानूनी मान्यता को लेकर निर्णय लेने की जिम्मेदारी अब देश की विधायिका के कंधों पर है।

उम्मीद की जा सकती है कि इस पर कोई भी कानून बनाने से पहले जनभावनाओं और सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं का खास ध्यान रखा जाएगा। भारत विविधता में एकता वाला देश है, लगभग सभी धर्म एवं सम्प्रदायों में समलैंगिक विवाहों को लेकर विरोध ही है। हाल ही में सिख समुदाय में ऐसे स्पष्ट स्वर सुनने को मिले हैं। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सिख सिद्धांतों के तहत समलैंगिक विवाह के लिए कोई जगह नहीं है। अकाल तख्त ने पिछले महीने बठिंडा गुरुद्वारे में समलैंगिक विवाह कराने के बाद वहां के पुजारियों को धार्मिक सेवाएं करने से अयोग्य घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपना फैसला सुनाए जाने से एक दिन पहले अमृतसर में 'पंज सिंह साहिबान' (पांच सिख पादरी) की एक बैठक के बाद, सिखों की सर्वोच्च लौकिक संस्था, अकाल तख्त के जत्थेदार ने इस फैसले की घोषणा की थी।

भले ही समलैंगिक यौन सम्बन्ध बनाने को सर्वोच्च न्यायालय 2018 में ही गैर आपराधिक कृत्य करार दे चुका है। इसी से प्रेरित होकर समलैंगिक समर्थक कई संगठनों ने सर्वोच्च न्यायालय में उनके विवाह को भी वैध करार देने की याचिका दायर की थी जिसका विरोध केन्द्र सरकार ने किया था। भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता। भले ही भारत में ही प्राचीन काल में भी ऐसे उदाहरण मिले हो या धार्मिक ग्रन्थों में कई ऐसे उदाहरणों का उल्लेख हो, जो समलैंगिक सम्बन्धों की तरफ इशारा करते हैं परन्तु भारतीय समाज ने हमेशा ही ऐसे सम्बन्धों को प्रकृति के विरुद्ध यौन सम्बन्ध माना है और सामाजिक विकार की श्रेणी में रखा है। स्त्री और पुरुष का यौन सम्बन्ध ही प्रकृति को गतिशील रखते हैं। घर और कुटुम्ब का मतलब ही स्त्री-पुरुष के सम्बन्धों से उत्पन्न फल का ही विस्तृत स्वरूप होता है। स्त्री-पुरुष सम्बन्ध ही प्यार या मोहब्बत की महायात्रा है और इन दोनों के यौन संबंधों से उत्पन्न संतान ही परिवार एवं वंश को आगे बढ़ाने का आधार है।

स्त्री-पुरुष सम्बन्ध किसी धार्मिक मान्यता के मोहताज नहीं हैं बल्कि वे व्यक्ति की स्वयं की वैज्ञानिक आवश्यकता है। नवसृजन के लिये विपरीत लिंग का मिलन ही प्रकृति है, अन्यथा विकृति है। हम अंधानुकरण के नाम पर अपनी संस्कृति एवं परम्परा को नहीं लाघ सकते। भले ही समय बदल रहा हो, परम्पराओं में भी अमूल-चूल-परिवर्तन हो रहा हो और मानवीय सम्बन्धों की नयी परिभाषाएं गढ़ी जा रही हो, भारत में भी लिव-इन रिलेशनशिप के रूप में बिना शादी के दो वयस्क स्त्री-पुरुष को साथ रहने की इजाजत मिली हो। अतः एक ही लिंग के यदि दो व्यक्ति साथ रहना चाहते हैं तो उनकी निजता का सम्मान करते हुए इसकी इजाजत समाज दे सकता है और उनके नागरिक अधिकारों का संरक्षण भी किया जा सकता है। लेकिन जहां तक विशेष विवाह अधिनियम (स्पेशल मैरिज एक्ट) का सवाल है वह केवल दो विपरीत लिंग के लोगों के बीच ही हो सकता है। इसमें संशोधन करने का मतलब होगा विवाह की शर्तों को बदल देने के साथ ही परिवार की परिकल्पना को ध्वस्त कर देना।

**भला एक स्त्री का दूसरी स्त्री से, एक पुरुष का दूसरे पुरुष से विवाह कैसे परिपूर्ण माना जा सकता है? यह विवाह नहीं, एक आपसी संबंध भले ही हो, लेकिन इसे विवाह की मान्यता एवं सारे अधिकार कैसे दिये जा सकते हैं? इसलिये भारत की सामाजिक संरचना को देखते हुए यदि केन्द्र सरकार ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने का विरोध किया तो उसे किसी भी तरह गलत नहीं ठहराया जा सकता।**

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज आपका दिन खास होने वाला है। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। पिछले दिनों की गई मेहनत का आज आपको बेहतर फल मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आज आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे, वे आपका अनुसरण करेगा। आज आपको कुछ नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज आपकोमनपसंद कंपनी से इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए कोई फैसला करना कठिन होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कैंसिल हो सकता है। आज आपका मन अध्यात्म की ओर रहेगा आप धार्मिक समारोह का आयोजन करवा सकते है। माता कूष्मांडा के आशीर्वाद से आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर पर अचानक कोई रिश्तेदार आ सकते हैं, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे। आज आपको किसी भी कोर्ट कचहरी के मामले में पड़ने से बचना चाहिए। किसी से बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। आज आप जितनी ज्यादा मेहनत करेंगे आपको उतना ज्यादा ही फायदा होगा।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा, लेकिन मेहनत छोड़नी नहीं है करते रहिये।

**कन्या राशि**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज घर के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए ।

तुला राशि- आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटिड कोई शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताएंगे। जो लोग मीडिया के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। ऑफिस के कार्यों को पूरा करने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। बिजनेस में बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को आज किसी बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी।

**धनु राशि**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, लेकिन किसी सहकर्मी की मदद से पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आज घर में बेटी की तरक्की से परिवार का माहौल खुशी से भरा रहेगा। शिक्षकों के ट्रान्सफर में आ रही रुकावटें आज समाप्त होगी। छात्र आज कोई कंप्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे। मां दुर्गा का ध्यान करें, सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**मकर राशि**- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आयेंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

**कुंभ राशि**- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने-फिरने में बीत सकता है। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक कोई बड़ा धन लाभ होगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा। आपके काम से जीवनसाथी को प्रसन्नता होगी। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घरमें खुशियों का माहौल बनेगा। लवमेट मूवी देखने जायेंगे। नवविवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाए, समाज में आपका समान बढ़ेगा।

**मीन राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। लंबे समय से रूके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जाएगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आएगी।

## व्यंग्य

# मोटापा: पहले और बाद में

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

मैं गंडीपेट (हैदराबाद का सबसे बड़ा जलाशय) का अवतार नहीं हूँ। फिर भी बहुत मोटा हूँ। माँ का प्यार कहिए या उनके घी का कमाल कि बचपन में मच्छर सा दिखने वाला मैं अब बाहुबली फिल्म का सांड लग रहा हूँ। मुझे बचपन से इतना घी खिलाया गया कि मुझे पानी पीते समय भी उसमें घी दिखाई देने लगा। मेरे लिए सावन का हरा वाला मुहावरा घी की चमक से चौंधियाई आँखों को हर चमकती चीज़ घी दिखाई देने लगी। कभी-कभी तो मुझे लगता है कि मेरे बदन में खून नहीं घी की नदियाँ बह रही हैं। बचपन में मुझे घरवाले छोटू कहकर पुकारते थे। अब इतना भोदू हो गया हूँ कि वह विशेषण मेरे बदन के सभी अंगों को चिढ़ाते हैं। घरवालों को केंचुआ सा दिखाई देने वाला मैं कब लोगों की नजर में भारी-भरकम अजगर बन गया पता ही नहीं चला। वैसे भी पौधा खाद-पानी पाकर हमेशा के लिए पौघा थोड़े न रहता है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो भारी-भरकर वृक्ष बन ही जाता है।



छठी कक्षा पढ़ते समय मुझे बेंच पर खड़ा होने का दंड दिया गया था। शिक्षिका मेरे शोर से इतनी परेशान थी कि उन्होंने मेरी तुलना लोटे से कर दी। तब से मेरा नाम लोटा पड़ गया। जब मैं बड़ा हुआ तो हम सभी स्कूली दोस्तों ने एक वाट्सप समूह बनाया। सबने हाय हैलो करना शुरु किया। मैंने अपना नाम सुरेश बताया। सभी ने प्रश्नचिह्न जैसा मुँह वाला इमोजी लगाया। मैंने अपना फोटो भी पोस्ट किया। लेकिन किसी ने मुझे पहचाना नहीं। जैसे ही मैंने अपना नाम लोटा बताया सबके सब टूट पड़े। ऐसे टूटे जैसे बिस्कुट का टुकड़ा देखते ही कुत्तों का झुंड टूट पड़ता है। एक अपराधी अपने अपराधों की सजा काटकर नए जीवन की शुरुआत करना चाहता है तो उसे उसके पुराने कारनामों के नाम पर लज्जित करने जैसी हालत मेरी थी। मैंने पुराने नाम से पिंड छुड़ाने के लिए बाकायदा पेपर में विज्ञापन भी दिया। चिढ़ाने वालों को अपना चुल शांत करने से मतलब होता है। दीपावली पर कपड़े खरीदने के लिए एक बड़े शॉपिंग मॉल में गया। वहाँ जाकर देखा कि स्माल, मीडियम, लार्ज कुछ कपड़ों में, जो मेरी पसंद के नहीं थे, उनमें एक्स्ट्रा लार्ज की साइजें भी उपलब्ध थीं। मेरा आकार इनमें फिट होने वाला नहीं था। मुझे एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा लार्ज की जरूरत थी। साफगोई से कहना हो तो ट्रिपल एक्सेल मेरा मुँह मांगा इनाम है। मेरा आकार देखकर वहाँ काम करने वाला एक बंदा आगे आया। सोचा शायद मेरी साइज के कपड़े ला रहा है। लेकिन उसने मुझे नंगा किए बिना नंगा कर दिया। उसने कहा कि आपकी साइज के कपड़े यहाँ तो क्या किसी भी शो रूम में नहीं मिलेंगे। आपकी साइज के कपड़े तो दर्जी ही सी सकता है। मैं अपमान का घूँट पीकर रह गया। शोरूम से बाहर निकला ही था कि एक सेल्समैन गले पड़ गया। वह गारंटी के साथ दुबला होने का दावा करते हुए हर्बल प्रॉडक्ट बेचने के प्रयास में मेरे मोटापे पर न दिखाई देने वाली सुइयाँ चुभोने लगा। इससे पहले की मैं उसे लताड़ता वह अपने रास्ते हो लिया। तभी उसका मैनेजर दार्शनिक की तरह बातें करते हुए घुमा फिराकर हर्बल प्रॉडक्ट पर आ गया। मेरा खून उबल रहा था। मेरे हाथों उसका खून न हो जाए इस डर से उसके हाथ जोड़े और मैं अपने रास्ते हो लिया। मैं जहाँ कहीं भी जाता, मेरा मोटापा पहले पहुँचता और मैं बाद में। इसका मुझे इतना दुख नहीं हुआ जितना कि मेरी गर्लफ्रेंड ने मुझे टेड्डी बेअर कहा। मुझ जैसे मोटे अक्सर खूबसूरत लड़कियों और कभी-कभी औसतों को टेड्डी बेअर क्यों लगते हैं, यह मेरी समझ के परे था। यह राष्ट्रीय स्तर पर शोध का विषय बन सकता है। एक दिन हम लड़की देखने गए। लड़की की आँखों पर बड़े नंबर का चश्मा चढ़ा हुआ था। मैं सोचने लगा मुझे तो बहुत दिनों से ऐसी ही लड़की की तलाश थी। जिनको दिखाई देता था वे मुझे अपने सामने टिकने नहीं देते थे। घर आने पर बहुत देर तक लड़की वालों के स्वीकृति-तिरस्कृति संबंधी संदेश की प्रतीक्षा करता रहा। झकमारकर मैंने ही पिता जी से फोन लगवाया। सामने वालों ने जवाब दिया कि लड़की को इतने दिनों तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा था, लेकिन आपके लड़के का मोटापा साफ-साफ दिखाई दे पा रही थी। लड़की ने रिश्ता ठुकरा दिया है। हम माफी चाहते हैं। उस दिन मुझे पहली बार लगा कि मेरा मोटापा चमत्कार भी कर सकता है। मेरा मोटापा मोटापा न हुआ दूसरों को हँसाने का अड्डा हो गया। मैं और मेरा मोटापा अक्सर ये बातें करते हैं कि यह न होता

## चिंतन

**डॉ सत्यवान सौरभ**

# दिखावा तेजी से फैलता एक सामाजिक रोग

**समय के साथ बदलते समाज में दिखावे की प्रवृत्ति तेज़ी से बढ़ रही है। आजकल ज़्यादातर लोग दूसरों के सामने अपनी नकली छवि पेश करते हैं। काफी हद तक ईएमआइ की सुविधाओं ने भी लोगों में दिखावे की इस आदत को बढ़ावा दिया है। दूसरे के पास कोई भी नई या महंगी चीज देखकर लोगों के मन में लालच की भावना जाग जाती है। फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल साइट्स की वजह से भी युवाओं में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। रिलेशनशिप को भी सोशल साइट्स पर दूसरों को दिखाने के लिए ही अपडेट किया जा रहा है। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ेगी, आपके आचार, विचार और व्यवहार में गंभीरता आएगी। तब कभी आप सोचेंगे कि अगर मैं 300 रुपए की घड़ी पहनूं या 30000 की, दोनों समय एक जैसा ही बताएंगी। मैं 300 गज के मकान में रहूं या 3000 गज के मकान में, तन्हाई का एहसास एक जैसा ही होगा। सोने के लिए एक बेड ही पर्याप्त होगा। फिर आपको ये भी लगेगा कि यदि मैं बिजनेस क्लास में यात्रा करूं या इक्नामी क्लास में, अपनी मंजिल पर उसी नियत समय पर ही पहुँचूँगा।**



किसी भी चीज का दिखावा करने की आपको कोई जरूरत नहीं है क्योंकि इससे क्षणिक फायदा मिलता है। हमें कुछ भी काम करना है वह दूर दृष्टि को ध्यान में रखते हुए करना है। अपनी क्षमताओं को बढ़ाइए और यह सब पॉसिबल होगा जब आप अच्छी बातों को अपने जीवन में धार लेंगे। यह आप जीवन के किसी भी पड़ाव पर कर सकते हैं तो फिर दिखावे की क्या जरूरत है? इंसान को केवल अपना मानसिक संतुलन बराबर रखते हुए आत्मविश्वास की चरम प्रकाष्ठा पर पहुंचना होगा। इसमें पहुंचने का सबसे आसान तरीका है कि वह अपने को सादा जीवन और उच्च विचार वाली कहावत पर चरितार्थ करें। हमें जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बहुत कुछ अपने अंदर बदलाव करने होंगे वह सब आसानी से कर सकते हैं सिर्फ सोच को सकारात्मक बना ले। आज का युग आधुनिक युग है, जहां हर क्षेत्र में विकास देखने को मिलता है। पूरी दुनिया पर आधुनिकता का भूत सवार हो चुका है। आधुनिकता का सीधा संबध विकास से दिखाई देता है। उद्योग से लेकर प्रयोग तक यह संसार बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहते हैं हम इस विकास की दौड़ में हम मानवता को भूल चुके हैं। हम एक बार भी पीछे मुड़कर देखना भी नहीं चाहते हैं, जो एक बड़ी भूल साबित हो सकती है।

कहते हैं कि इतिहास अपने आप को दोहराता है, जो हमें समय-समय पर देखने को भी मिलता है। इतना होने के बावजूद हम कुछ सीखने के मूड में नहीं हैं। आज के दौर में आनलाइन प्लेटफार्म पर निजी जीवन का अनावश्यक दिखावा इस कदर बढ़ गया है कि हम जो खाएं, पीएं, घूमने जाएं, उसे आनलाइन प्लेटफार्म पर डालना जैसे हमारी ड्यूटी में शामिल हो गया है। नई चीज खरीदते हैं तो उसे फेसबुक पर अपलोड करना नहीं भूलते। परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के दौरान खींची निजी तस्वीरों को भी लोग साझा करने से नहीं चूकते। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ेगी, आपके आचार, विचार और व्यवहार में गंभीरता आएगी। तब कभी आप सोचेंगे कि अगर मैं 300 रुपए की घड़ी पहनूं या 30000 की, दोनों समय एक जैसा ही बताएंगी। मैं 300 गज के मकान में रहूं या 3000 गज के मकान में, तन्हाई का एहसास एक जैसा ही होगा। सोने के लिए एक बेड ही पर्याप्त होगा। फिर आपको ये भी लगेगा कि यदि मैं बिजनेस क्लास में यात्रा करूं या इक्नामी क्लास में, अपनी मंजिल पर उसी नियत समय पर ही पहुँचूँगा। या फिर रेलवे के स्लीपर क्लास में यात्रा करो या एसी में, ट्रेन एक ही समय में दोनों को पहुंचाएगी। इसलिए अपनी आवश्यक आवश्यकताओं पर ध्यान देना चाहिए न कि व्यर्थ के दिखावे पर फोकस करना चाहिए।

आजकल केवल रहन-सहन में ही नहीं, बल्कि रिश्तों के मामले में भी लोग नकली व्यवहार करने लगे हैं। यहां तक कि प्यार जैसी कोमल और सच्ची भावना में भी अब दिखावे की मिलावट हो रही है। आज की युवा पीढ़ी में रिश्तों के प्रति पहले जैसी ईमानदारी नज़र नहीं आती। लोग मन ही मन दूसरों के बारे में बुरा सोचते हैं, पर उनके सामने अच्छा बने रहने का ढोंग करते हैं। झूठ की बुनियाद पर टिके ऐसे रिश्ते नकली और खोखले होते हैं, इसीलिए वे जल्द ही टूट भी जाते हैं। हमें अपने बच्चों को बहुत ज्यादा अमीर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाए बहुत ज्यादा खुश कैसे रहना चाहिए ये सिखाना चाहिए। हमें भौतिक वस्तुओं के महत्व को देखना चाहिए उसकी कीमत को नहीं। दिखावे की जिंदगी से हमें बाहर आना होगा। आने वाली पीढ़ी को बताना होगा कि उनका यह समय पठन-पाठन व ज्ञानअर्जन का है। ऐसे में जरूरी है कि हम फेसबुक, वाट्सएप पर सिर्फ अपने काम की बातों से ही सरोकार रखें। वाट्सएप पर रिश्ते बनते हैं पर बिगड़ते भी हैं। गलतफहमियां होती हैं। अंततः रिश्ते बिखरते देर नहीं लगती। बच्चों को अभिभावक जितना समय देंगे, बच्चे उतने ही संस्कारवान बनेंगे। एकल परिवार की विभीषिका झेलने पर मजबूर बच्चे एकाकीपन का समाधान मोबाइल पर ढूंढने लगते हैं। संवादहीनता से बचाव, बच्चों की बातों को सुनना व उनकी दिनचर्या का भाग होना ही उन्हें आपके प्रति आकर्षित करेगा। हमें यह जानना होगा कि अगर समाज में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है तो इसकी वजह क्या है? आज लोगों को पहले की तुलना में पैसे कमाने के ज्यादा विकल्प मिल रहे हैं। पहले लोग अपनी सीमित आमदनी में भी संतुष्ट रहना जानते थे। अब वे सोचते हैं कि हमारे पास और क्या होना चाहिए, जिससे समाज में हमारा स्टेटस ऊंचा नज़र आए। काफी हद तक ईएमआइ की सुविधाओं ने भी लोगों में दिखावे की इस आदत को बढ़ावा दिया है। दूसरे के पास कोई भी नई या महंगी चीज देखकर लोगों के मन में लालच की भावना जाग जाती है। फेसबुक और ट्विटर जैसी सोशल साइट्स की वजह से भी युवाओं में दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। रिलेशनशिप को भी सोशल साइट्स पर दूसरों को दिखाने के लिए ही अपडेट किया जा रहा है। हम अपनी सभी गतिविधियों को वहां साझा करके चर्चा में बने रहना चाहते हैं। अब लोग रिश्तों के मामले में भी दिखावा करने लगे हैं। जीवन में अब पहले जैसी सहजता नहीं रही। इसी समाज का हिस्सा होने के कारण जाने-अनजाने हम सब इससे प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए हमें सचेत ढंग से ऐसी आदत से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

# पंचमी पर मां के आंगन में दर्शनार्थियों का उमड़ा हुजूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर।** अश्विन शुक्ल पक्ष नवरात्र के पंचमी के खास मौके पर आज आदि शक्ति मां दंतेश्वरी के मंदिर में मां दुर्गा के पांचवे रूप स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पंचमी के विशेष मौके पर मां के दर्शन करने दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। हजारों की तादात में भक्त मां के दर्शन पाने घण्टों कतार में खड़े रहे। भोर से ही भक्त लाइनों में खड़े हो गए थे। दिन चढ़ते ही दर्शनार्थियों की भीड़ इस कदर उमड़ी कि कतार जयस्तंभ चौक को भी पार करते हुए नगर के नारायण मंदिर के उस पार पहुंच गई थी। आस्था की नगरी में चारों तरफ माता की जयघोष से पूरा शक्तिपीठ गूंजायमान हो रहा है।

नवरात्र के पहले दिन से ही माता दंतेश्वरी के मंदिर में हर रोज श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आज पंचमी पर मां दंतेश्वरी मंदिर में मां दुर्गा के पंचम रूप स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा अर्चना हुई। तत्पश्चात विशेष मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान भी हुआ। मंगलमय मनोकामना के साथ सैकड़ों हाथों ने हवन कुण्ड में आहुति दी। मां दुर्गा भगवान स्कन्द कुमार कार्तिकेय के नाम से भी




जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कंद अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं इसलिए इन्हें पदमासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्र के पंचमी पर आज देवी दर्शन का सिलसिला सुबह 4 बजे से प्रारंभ हो गया था। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का रैला उमड़ पड़ा। बता दें कि चतुर्थी की रात से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु दंतेवाड़ा पहुंच चुके थे। रात 11 बजे से ही लोग मंदिर के सामने लाइन लगाकर वहीं लेट गए थे। नगर में जगह जगह बने भी पदयात्री विश्राम स्थल भी श्रद्धालुओं से पटे पड़े थे। जिसे जहां जगह मिला लेटकर आराम कर रहा था। सुबह 4 बजे पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। सुबह 8 बजे तक भक्तों की कतार 1 किमी लंबी हो गई थी। करीब एक किमी की दोहरी लंबी लाईन में श्रद्धालु तपती धूप होने के बावजूद माता के दर्शन करने प्रतिक्षा में खडे रहे। कुछ भक्तों से पुछा भी गया कि आप लोग इतने दूर से नंगे पांव आए हो क्या आप लोगों को थकान महसूस हो रही है तो अधिकांश श्रद्धालुओं ने एक ही बात कही की हमें किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो रहा है बल्कि हमें तो यह एहसास भी नहीं हुआ है कि हमने सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल लिया है। यह सब मां दुर्गा का आशीर्वाद है कि हम यहां तक पहूंचकर उनके दर्शन के लिए आज माता के दरबार में खड़े हैं। लोग मन्नत अनुसार पैदल, बैठकर, घुटनों के बल मां के दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं। गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में बढोत्तरी हुई है। एक अनुमान के मुताबिक पंचमी पर आज करीब 50 हजार से ज्यादा भक्तों ने मां दंतेश्वरी के मंदिर पहुंच दर्शन किया। कल चतुर्थी पर भी लाखों भक्तों ने मां के दर्शन किए। भक्तों की भीड़ को व्यवस्थित करने पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। भीड़ को नियंत्रण रखने मंदिर के भीतर-बाहर जवान पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। जवानों के साथ-साथ स्काउट गाइड व एनसीसी के स्कूली बच्चों ने भी भीड़ में नियंत्रण पाने काफी पसीना बहाया। पंचमी पर प्रशासन व टेम्पल कमेटी की ओर से तो श्रद्धलुओं के लिए कुछ खास सुविधा नहीं दी गई है परन्तु अन्य समाज सेवी संगठन, व्यापारी संघ ने जगह जगह स्टाल व लंगर लगाकर भक्तों के लिए भोजन व जलपान का प्रबंध अवश्य किया है जो प्रशंसनीय है। पदयात्रियों के पहुंचने का सिलसिला अब भी अनवरत जारी है। देवी मंदिरों में देर रात तक जसगीत व भजन कीर्तन व अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं।

### पटसार पहुंची माईजी की डोली-

शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन पंचमी के अवसर पर भैरवबाबा से अनुमति मिलने के बाद बस्तर दशहरा में शामिल होने आदि शक्ति मां दंतेश्वरी की डोली अपना स्थान छोड़ पटसार पहुंचती है। इसी परंपरा को निभाते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा आज माता की डोली को परंपरानुसार पंचमी की सुबह विशेष पूजा अर्चना के बाद चंदन घीसकर कपड़े से बनी मूर्ति को डोली में विराजा गया। तत्पश्चात छत्र व त्रास के साथ डोली को गर्भ-गृह से बाहर पटसार में विधिवत पूजा अनुष्ठान के बाद लाकर रखी गई। सेवादारों ने बताया कि पंचमी में परंपरानुसार माई की डोली पटसार लाई जाती है। डोली तीन दिन बाद अष्टमी में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में शामिल होने जगदलपुर रवाना होगी। रास्ते में आंवराभाटा, डिलमिली में देवी विश्राम करेंगी। डोली के साथ पुजारी, मांझी, मुखिया, समरथ, सेठिया, नाईक आदि सेवादार भी रवाना होंगे।

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी चैतराम अटामी 20 को जमा करेंगे नामांकन



दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा विधानसभा प्रत्याशी चैतराम अटामी शक्ति प्रदर्शन के साथ 20 अक्टूबर को केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह की उपस्थिति में नामांकन दाखिल करेंगे 7 भाजपा जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी चैतराम अटामी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना मीडिया को दी है और इसी के साथ भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नामांकन की तैयारी समेत 2018 में अपनी जीती हुई बाजी को कांग्रेस द्वारा छीने जाने का बदला लेने चुनावी रणनीति बनाने में जुट गये है 7 चैतराम ने मीडिया को बताया कि इस बार दंतेवाड़ा विधान सभा से हमारी जीत पक्की है क्योंकि बीते 5 सालो में यहां कांग्रेस ने कोई विकास कार्य नहीं किया है। कांग्रेस ने अपने पिछले चुनाव में किए 36 वादे भी पूरा नहीं कर पाई है। केवल भ्रष्टाचार हुआ है विकास के नाम पर। इसलिए यहां से कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा की बीजेपी पूरी तरह से इस चुनाव को जीतने के लिए तैयार है। मोदी जी का ये संकल्प की सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ हम जनता के बीच जा रहे हैं और पूरी आशा व उम्मीद है जनता का आशीर्वाद हमें अवश्य मिलेगा।

### युवाओं ने पदयात्रियों को बांटे फल



**गीदम**, 19 अक्टूबर (**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**)। नवरात्रि के चतुर्थ दिवस में गीदम नगर के युवाओं के द्वारा पदयात्रियों की सेवा करने हेतु फल, बिस्कुट, पानी का वितरण किया। सभी युवाओं ने पदयात्री सेवा हेतु पहले जगदलपुर रोड में बस्तानार, बंजारी घाटी, एजुकेशन सिटी में फल वितरण किया, उसके बाद दंतेवाड़ा रोड़ में वितरण करते हुए सेवा भाव का परिचय दिया। उल्लेखनीय हैं की दंतेश्वरी मंदिर दर्शन करने हेतु नवरात्रि के पावन अवसर में श्रद्धालु दूर दराज से पदयात्रा करते हुए आते हैं। जिनकी सेवा करने के लिए गीदम के युवा आगे आए और उन्होने फल, बिस्किट एवम पानी बांटकर सेवा कार्य में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। गीदम के सक्रीय युवा हरमिंदर सिंह, सूरज सिंह, अनीश जॉर्ज, आदर्श ओसवाल, कृष्णा शर्मा, चंदन रॉय, रोशन शर्मा, शिवम गुप्ता, हितेश कौशल, मोनू दास, विकास, गोलू, मनीष साहू, सुमीत कश्यप, विनय बुरड़, शैलेंद्र, राहुल एवम ईश्वर उपस्थित थे।

### 2 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन फार्म



**सुकमा,19 अक्टूबर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत नामांकन फार्म लेने एवं जमा करने की प्रक्रिया 13 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ हो गई है। आज 18 अक्टूबर 2023 को जिले के विधानसभा क्षेत्र कोंटा हेतु 01 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन फार्म प्राप्ति हेतु जिला कार्यालय में पहुंचकर नामांकन फार्म लिया गया और 2 अभ्यर्थियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र कोंटा के लिए नामांकन फार्म जमा किया गया। फार्म जमा करने वाले अभ्यार्थियों में मनीष कुंजाम एवम् कवासी लखमा शामिल है।

### जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी गठित

**कांकेर 19 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान सभी राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सुनिश्चित करने तथा संहिता का उल्लंघन के विशिष्ट मामलों पर विचार करने के लिए राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों की जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी का गठन किया गया है। जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी के संयोजक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला होंगे।

समिति में पुलिस अधीक्षक कांकेर, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, चारामा, पंखाजूर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी न अधिकारी (राजस्व) एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री अंजोर सिंह पैकरा विधानसभा क्षेत्र-79 अंतागढ़ (अजजा), अनुविभगाय अधिकारी (राजस्व) एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रतीक जैन विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़, 80-भानुप्रतापपुर, 81-कांकेर सहित राजनैतिक दलों के अध्यक्ष और समस्त निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थीगणों को शामिल किया गया है।

# कागजरहित कार्यालय बनाने के लिए एनएमडीसी की सराहना




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**हैदराबाद, 19 अक्टूबर।** वी श्रीनिवास, सचिव, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग एवं पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, भारत सरकार ने विशेष अभियान 3.0 के तहत कंपनी की पहलों की व्यापक समीक्षा करने के लिए आज अपनी टीम के साथ एनएमडीसी मुख्यालय का दौरा किया। श्री वी श्रीनिवास ने स्वच्छता अभियान के परिणामों का मूल्यांकन करने और भविष्य की योजनाओं को तैयार करने के लिए एनएमडीसी के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ बातचीत की। उन्होंने अभियान में नागरिकों को शामिल करने और कागज रहित कार्यालय बनाने के लिए एनएमडीसी के प्रयासों की सराहना की। श्री श्रीनिवास ने एनएमडीसी को अपनी टाउनशिप में अपशिष्ट और कबाड़ के साथ एक सृजनात्मक परियोजना की योजना बनाने और प्लास्टिक के स्थान पर स्टील जैसे अधिक टिकाऊ विकल्पों को अपनाने के लिए एक वृहद जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस्पात मंत्रालय के सचिव श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा और इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री अभिजीत नरेन्द्र ने भी विशेष अभियान 3.0 के तहत चल रही स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को दिल्ली में एनएमडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने अपने कार्यालयों, परियोजनाओं और टाउनशिप को स्वच्छ और स्वस्थप्रद रखने की दिशा में एनएमडीसी के प्रयासों की सराहना की। इन दौरों का उद्देश्य विशेष अभियान 3.0 में एनएमडीसी की भूमिका का आकलन करना और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को एक सुस्थिर भविष्य के निर्माण की दिशा में अपने अभियान को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### दिव्यांगजन का मतदान बढ़ाने 21 अक्टूबर को रैली का आयोजन

**गरियाबंद, 19 अक्टूबर।** विधानसभा आम निर्वचन के लिये दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन 21 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे सिविल लाईन सांस्कृतिक भवन से स्टेट बैंक, तिरंगा चौक, कचहरी रोड, गाँधी मैदान, गौरव पथ होते हुये सिविल लाईन सांस्कृतिक भवन में रैली समापन किया जावेगा। उक्त दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता रैली में अधिक से अधिक शामिल होकर उनका उत्साह बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। पुलिस प्रशासन भी समुचित व्यवस्था में जुटी हुई है

# नुक्कड़ नाटक से मतदाताओं को किया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी,19 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला धमतरी के निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में नगरी नगर पंचायत के शासकीय प्रयोगिक शाला,शासकीय माध्यमिक शाला दुर्गा चौक नगरी,शासकीय प्राथमिक शाला दुर्गा चौक नगरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाँधापारा नगरी के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रहसन,नुक्कड़ नाटक,गीत एवं नृत्य के माध्यम से साप्ताहिक बुधवारी बाजार में मतदाताओं को जागरूक किया।मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी नवंबर माह में विधानसभा के द्वितीय चरण के अंतर्गत 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करना था।विकासखंड शिक्षाधिकारी के.आर.साहू ने प्रत्येक व्यक्ति से अपील की और यह संदेश देने का प्रयास किया कि मतदान लोकतंत्र का एक महापर्व है और यदि हमें एक बेहतर लोकतंत्र का निर्माण करना है तो इसके लिए हमें मतदान का भागीदार बनना होगा।कार्यक्रम के संयोजक और संचालक शिक्षक कैलाश सोन ने बताया कि लोकतंत्र का महापर्व मतदान आने वाला हैं और इसके लिए हम सभी को जागरुक करने निकले हुए हैं हम चाहते हैं कि लोकतंत्र के महापर्व में 18 वर्षो से अधिक उम्र का हर व्यक्ति हिस्सेदारी बने और एक स्वस्थ सरकार बनाने में अपना योगदान दे। इस अवसर पर समन्वयक लोचन साहू,उमेश सोम,लोमसप्रशाद साहू,वेणुशंकर ध्रुव,श्रीमती निरुपमा साहू,टिकेश्वर साहू,मालिनी सोम,ज्योति मरकाम,प्रधान पाठक श्रीमती पूर्णिमा साहू,वंदना खरे,वंदना सोनी,नीतू गुप्ता,यतींद्र गौर श्रीमती यस साहू,हुलास सूर्याकर,जे.के. सोनी इत्यादि मौजूद थे।

# प्रसाद पाने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**दंतेवाड़ा 19 अक्टूबर।** कहते हैं मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है। इसी को अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए दंतेवाड़ा व्यापारी संघ एवं मां दंतेश्वरी लिफि सोसायटी के सदस्यों ने इसे अपनाया और मानव सेवा में जूट गए। व्यापारी संघ एवं मां दंतेश्वरी रिलिफि सोसायटी संस्था बीते डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्र में निःशुल्क भोजन प्रसाद भंडारा का आयोजन अनवरत करते आ रही है। इसी कड़ी में इस नवरात्र भी संस्था के तत्वाधान में विशाल भंडारा पंडाल लगाया गया है जिसमें नवरात्र के प्रथम दिन से ही हजारों की संख्या में दुर दराज से आए श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरण किया जा रहा है।दंतेवाड़ा व्यापारी संघ एवं मां दंतेश्वरी रिलिफ सोसायटी का लंगर हमेशा की तरह इस बार भी नारायण मंदिर परिसर में लगाया गया है। सोयायटी की ओर से बीते 17 वर्षो से नवरात्र के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र के पहले दिन से ही बड़ी तादात में श्रद्धालु यहां पहुंच भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। जैसे जैसे नवरात्र के दिन आगे बढ रहे हैं श्रद्धालुओं की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है। नवरात्र का आज चौथा दिन है अब तक व्यापारी संघ के लंगर में कई हजार लोग भोजन प्रसाद ग्रहण कर चुके हैं।

# ईनामी महिला नक्सली ने किया पुलिस के सामने सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 19 अक्टूबर।** जिला सुकमा में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा,हरजिन्दर सिंह उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ (परिचालन रेंज जगदलपुर), के मार्ग-दर्शन एवं किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, कुलदीप कुमार जैन, कमाण्डेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ के निर्देशन तथा प्रभात कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, आकाश मरकाम, अति. पुलिस अधीक्षक सुकमा के पर्यवेक्षण में सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली करतम जोगी, मिलिट्री प्लाटून नं. 24 डिप्टी कमाण्डर ( 08 लाख ईनामी छ0ग0 शासन द्वारा ) निवासी थाना कुकानार क्षेत्र के द्वारा आज दिनांक 18.10.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सुकमा में किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, कुलदीप कुमार जैन, कमाण्डेन्ट 226 वाहिनी सीआरपीएफ, प्रभात कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, रजत कुमार नाग, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, उत्तम प्रताप सिह, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।आत्मसमर्पित महिला नक्सली को सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय किया जायेगा। नक्सली संगठन में कार्यावधि आत्मसमर्पित महिला नक्सली करतम जोगी का विवरण वर्ष 2012 2016 तक मुंडूम पंचायत केएएमएस सदस्या। वर्ष 2017 2018 कटेकल्याण एलजीएस सदस्या, धारित हथियार 303 ( कमाण्डर- बुधरा) वर्ष 2018 में 06 माह तक दरभा डिवीजन समन्वय टीम सदस्या, धारित हथियार इंसास (कमान वर्ष 2019 रनसाय।) माह फरवरी 2023 तक प्लाटून नंबर 24 की सदस्या, धारित हथियार एसएलअ मार्च 2023 अब तक मिलिट्री प्लाटून 24 डिप्टी कमांडर (पार्टी सदस्या), धारित हथियार एसए बड़ी घटनाएं जिसमे सम्मिलित रही वर्ष 2020 में अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत आईईडी में शामिल रही।।नहाही कैम्प फायरिंग वर्ष 2021 में नहाड़ी कैम्प में फायरिंग करने की घटना में शामिल।

## समाचार संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज ने अशोक तलांडी को किया पदच्युत, कमलेश पैंकरा बने कार्यकारी अध्यक्ष




**बीजापुर,19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बीएस रावटे द्वारा हमर राज नाम की पार्टी बनाए जाने और बीजापुर जिले के विधानसभा क्षेत्र से वर्तमान अध्यक्ष अशोक तलांडी का नाम प्रत्याशी के रूप में घोषणा से समाज प्रमुखों ने नाराजगी जाहिर करते हुए सर्व आदिवासी समाज के नियमावली का हवाला देते हुए अशोक तलांडी को अध्यक्ष पद से हटा दिया है।समाज प्रमुखों ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज का गठन आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों और हक दिलाने के लिए किया गया था। इसका राजनीति करण समाज हित में ठीक नही है। चुनाव लड़ने का विचार अशोक तलांडी का व्यक्तिगत हो सकता है। आज 18 अक्तूबर को बीजापुर स्थित गोंडवाना भवन में जिला इकाई और ब्लॉक अध्यक्षों और पदाधिकारियों की बैठक में उन्हे अध्यक्ष पद से पृथक कर दिया गया है। सर्व आदिवासी समाज के प्रवक्ता अमित कोरसा ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज के नियमावली के तहत पदाधिकारियों को राजनीतिक दल का प्रत्याशी अथवा सक्रिय पदाधिकारी नही होना चाहिए। सर्व आदिवासी समाज ने विधान सभा चुनाव 2023 में सक्रिय रूप से न तो किसी को अपना प्रत्याशी बनाया है और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन किया है।समाज के प्रवक्ता अमित कोरसा ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर के संचालन के लिए सर्व सहमति से कमलेश पैंकरा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है।इस दौरान समाज के जग्गूराम तेलम, गुज्जाराम पवार, कामेश्वर दुब्बा, कमलेश पैंकरा, सालिक नागवंशी, मंगल राना, सीएस नेताम, सीताराम मांझी, राजेंद्र कडती, एमआर वट्टी, अमित कोरसा, भावसिंह भास्कर, कामेश्वर गौतम, पी तेलम, कोरम अंकैया, आरएस नेताम, बलराम मिंज, सांतनु नुरेठी, सोनाधर मांझी, मनधर नाग, श्रीमती रानू सोरी, श्रीमती विनिता बघेल, सुशील हेमला, विश्वनाथ मांझी, दासू राम कोरसा, शिव पुनेम सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यगण मौजूद रहे।

### जिले में कोई भी एम्बुलेंस खराब नही है: सिविल सर्जन

**बीजापुर,19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला चिकित्सालय बीजापुर के अधीक्षक एवं सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि जिला अस्पताल के सभी एम्बुलेंस वाहन चालू हालत में है और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए कार्य पर लगे हुए हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबर संदर्भ में बताया कि एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण युवक की मृत्यु हो गई यह पूर्णतः गलत है। सिविल सर्जन ने बताया कि मरीज श्री महेश गोटा उम्र 24 वर्ष, संजय पारा बीजापुर को 14 अक्टूबर 2023 दोपहर 1:00 बजे ओपीडी के माध्यम से मेडिसीन वार्ड में ऑबजरवेशन में रखा गया। जिसमें सर्जरी विभाग एवं (स्त्र) सोनोग्राफी हेतु सलाह दिया गया। 15 अक्टूबर 2023 को दोपहर 1:00 बजे मरीज को आपातकालीन विभाग में भर्ती किया गया। परन्तु उसके द्वारा भर्ती होने के लिए मना किया गया। वापस घर जाने की बात कर रहा था। लेकिन मरीज की गंभीरता को देखते हुए 15 अक्टूबर 2023 को दोपहर 01:00 बजे मरीज को भर्ती किया गया। चूंकि मरीज की स्थिति गंभीर होती जा रही थी। मरीज की गंभीरता को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रिफर हेतु बोला गया। परन्तु मरीज एवं उसके परिजनों के द्वारा वापस घर जाने की बात कही गयी। मरीज की गंभीरता को देखते हुए 108 एम्बुलेंस वाहन से रिफर किये जाने। की तैयारी की गयी परन्तु संबंधित मरीज एवं उसके परिजनों के द्वारा अगले दिवस को मेडिकल कॉलेज रिफर किये जाने की बात कहने लगे।

### कैरियर एकेडमी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**बीजापुर,19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री विजय कुमार होता, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ध् जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के निर्देशानुसार श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर / अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर द्वारा 17 अक्टूबर 2023 को बीजापुर कैरियर एकेडमी, जिला- बीजापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। ताजुद्दीन आसिफ द्वारा बीजापुर कैरियर एकेडमी के परिक्षार्थीयों की उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के हेतु मार्गदर्शन एवं शिक्षा से संबंधित अधिकारों से अवगत कराया गया। छात्र-छात्राओं को विधिक अधिकारो के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये घरेलू हिंसा एवं लैंगिक अपराधों से सतर्क रहने एवं आपराधिक घटनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को नियमित समाचार पत्र वाचन करने और मोबाइल फोन से आवश्यक दूरी बनाये रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया।बीजापुर कैरियर एकेडमी के महिला परीक्षार्थियों को महिलाओं से संबंधित बढ़ती घटनाओं से अवगत कराते हुये, उन अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदाय करते हुए कानूनी अधिकारों की भी जानकारी दी गई तथा उन्हें सुरक्षा हेतु सुप्रीम कोर्ट के प्रावधान के तहत विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नि:शुल्क पैरवी करने हेतु वकील की सुविधा के बारे में बताया गया और सामाजिक कुरीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। श्री ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर/अध्यक्ष, तालुका विधि सेवा समिति बीजापुर द्वारा बीजापुर कैरियर एकेडमी के परीक्षार्थियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब देते हुए उन्हें भविष्य में कठिन परिश्रम करते हुये अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया।



# भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्यों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 19 अक्टूबर।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी के द्वारा किये जा रहे प्रयासों से छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत एरिया कमेटी सदस्य लच्छू फरसा पिता स्व0लखमू फरसा उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी आदवाड़ा थाना जांगला जिला बीजापुर एवं पार्टी सदस्या श्रीमति हड़मे माड़वी पति लच्छू फरसा उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी गोरना थाना बीजापुर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 18/10/2023 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अति पुलिस अधीक्षक श्श्रह्य श्री वैभव बैंकर,अति0पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्रकांत गवर्ना, द्वितीय कमान अधिकारी श्री ओमप्रकाश सिंह, केरिपु 222, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया लच्छू फरसा , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण-वर्ष 2008 में भैरमगढ़ एरिया कमेटी अन्तर्गत माटवाड़ा एलओएस में पीएलजीए सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती किया गया। दिसम्बर 2009 में पार्टी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। वर्ष 2012 तक पार्टी सदस्य के रूप में संगठन में कार्य किया। वर्ष 2013 में एसीएम के पद पर कार्य देकर भैरमगढ एरिया कमाण्ड इन चीफ की जिम्मेदारी दी गई अप्रैल 2023 तक एरिया कमाण्ड इन चीफ के रूप में कार्य किया। संगठन में एसएलआर रायफल रखता था। लच्छू फरसा के विरूद्ध जिला बीजापुर अन्तर्गत थाना मिरतुर -1, थाना भैरमगढ़-1 एवं थाना जांगला -07 कुल 09 स्थाई वारंट एवं जिला दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना भांसी में 02 स्थाई वारंट लंबित है। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् आत्मसमर्पित माओवादी के धारित पद पर 5.00 लाख रूपये का ईनाम घोषित है।

## एक नजर

### 15वें वित्त राशि के आहरण पर नहीं है किसी प्रकार की रोकः सीईओ

**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता जैन द्वारा बताया गया है। जिले की निर्वाचित नहीं हुये ग्राम पंचायतों को छोड़कर शेष समस्त ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2023 -24 हेतु 15वे वित्त अनुदान का प्रथम किश्त प्रदान किया गया है। जिसमे उन्हें भारत सरकार के नियमानुसार राशि का आहरण पंचायतों को प्रदद विषयो से संबंधित कार्यो में किया जाना होता है। यह राशि अनुदान के प्रक्रिया के अंतर्गत दो चरणों मे प्रदाय की जाती है। जहाँ प्रथम चरण में राशि ग्राम पंचायतों के बैंक खाते में प्राप्त होती है तत्पश्चात अनुमानतः एक माह के बाद द्वितीय चरण में यह राशि पंचायतों के ई ग्राम स्वराज पोर्टल में राशि परिलक्षित होती है। इसके पश्चात ही पंचायत राशि आहरण करने में सक्षम होगी। वर्तमान में द्वितीय चरण का कार्य राज्य स्तर के वित्त विभाग से संचालित है एवं शीघ्र ही द्वितीय चरण का कार्य वित्त विभाग से पूर्ण किये जाने की अपेक्षा है।

### कलेक्टर ने आदेश जारी कर 3 अपराधियों को किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर 3 अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया है। जिसके तहत ग्राम केसदा निवासी रविचंद्र तिवारी उर्फ रॉकी पिता अश्वनी तिवारी, ग्राम कटगी निवासी संतोष थवाईत उर्फ घोरघोरी पिता फिरत थवाईत एवं ग्राम खैरघट निवासी संजय कुमार घृतलहरे पिता कुंवर लाल घृतलहरे शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, दुर्ग एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

### आपदा पीड़ित 13 परिवारों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 13 लोगों के निकट परिजनों के लिए 52 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 3 अक्टूबर एवं 4 अक्टूबर 2023 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में सोनमति बांगड़े यादव पति स्व. राजेश बांगड़े यादव, निवासी ग्राम पंडित दिनदयाल शांति नगर भाटापारा, तहसील भाटापारा, ललिता ध्रुव पति स्व. चोलाराम ध्रुव निवासी ग्राम खपरी एस, तहसील भाटापारा, दाउलाल यादव पिता भागीरथी यादव, निवासी ग्राम पौंसरी, तहसील भाटापारा, जगतू यादव पिता स्व. तीरथ यादव, निवासी दाउकृष्ण कुमार वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, पुन्नी बाई चक्रधारी पति स्व. रामप्रसाद चक्रधारी निवासी ग्राम करहीबाजार, तहसील भाटापारा, रेखा ध्रुव पति स्व. दिलेश्वर ध्रुव निवासी ग्राम भरूवाडीह तहसील बलौदाबाजार, मधु पिता राजा उर्फ बिज्जू देवार निवासी ग्राम बलौदाबाजार, तहसील बलौदाबाजार, बुधियारिन बाई पति स्व. परसराम निवासी ग्राम रोहांसी, तहसील पलारी, अश्वनी कुमार पिता नैनदास, निवासी ग्राम बोईरडीह, तहसील पलारी, अर्जुन पिता सुखीराम निवासी ग्राम रोहांसी, तहसील पलारी, घुरवा रात्रे पिता विश्राम रात्रे निवासी ग्राम गिधपुरी, तहसील पलारी, धमेन्द्र ध्रुव पिता स्व. मनीराम ध्रुव, निवासी ग्राम ओड़ान, तहसील पलारी एवं टीकाराम पिता छोटूराम यादव, निवासी ग्राम जुनवानी, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के आग में जलने, आंधी तुफान में दिवाल गिरने, कुंआ, तालाब, नहर, नाला, नदी के पानी मे डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

# देवी मंदिरों में मनाया पंचमी पर्व, जसगीतों की धूम भी रही

## बगदई माता के मंदिर और माता देवालयों में सुबह से ही उमड़ी भक्तों की अपार भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 19 अकटूबर।** तिल्दा नेवरा के समीप सरोरा सड़क पर स्थित मां बगदाई के मंदिर में नवरात्रि का उत्सव जोर शोर से मनाया जा रहा है जगह जगह माता देवालयों में विशेष पूजा की जा रही है। इस अवसर पर महर्षि ज्योतिष पंडित मालूराम शर्मा ने बताया की।

ममतामयी माता के अनन्त रूप हैं। वही माता संसार में सर्वाधिक पूज्य हैं। ब्रह्मवैवर्तपुराण के गणेश खंड में कहा गया है की सृष्टि के समय एक बढ़ी शक्ति पांच नामों से प्रकट हुई। वे पांच नाम हैं : राधा पदमा सरस्वती सावत्रि दुर्गा सरस्वती यह पांच पंचतत्वमयी शक्तियां हैं। तीन गुणों (सत्व, रजस, तमस) की सृष्टि के कारण वन त्रिगुणात्मिका कहलाती और - 1. महाकाली, 2. महालक्ष्मी, 3. महासरस्वती के रूप में उसकी उपासना होती है तथा दस रूपों में आविर्भूत होने के कारण वह दशमहाविद्या कहलाती है। देवीभागवतपुराण के सप्तम स्कन्ध में भगवती अपने पिता नगाधिराज हिमालय को अपने प्राकट्य का विवरण देते हुए कहती हैं-

*''अहमेवाह, पूर्व च, नान्यत् किंचिन्नगाधिप*
*तदात्मरूपं चित्संवित्-परब्रह्मैक नामकम्*
*स्वाशक्तैश्च समायोगा-अहं बीजात्मतांगता*
*स्वाधारावरणा तस्या-दोषत्वं च समागतम्''*

''हे नगाधिराज हिमालय! सृष्टि से पूर्व मेरे अलावा कहीं कोई भी नहीं था। तब मैं ही परब्रह्म थी। अपने ही आधार (बिम्ब) शिव का वरण करके मैं ''एकोहं बहुस्याम्'' की कामना करके सृष्टि रचना में निमग्न हो गई।''





### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया माटरी स्कूल का निरीक्षण

# मतदान केंद्र के अवलोकन के साथ अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था का भी लिया जायजा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 19 अक्टूबर।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के माटरी स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने प्राथमिक शाला माटरी में बनाए गए मतदान केंद्र के अलावा विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर शर्मा ने मतदान केंद्र के व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पूर्व माध्यमिक शाला माटरी के कक्षा 7वीं में पहुँचकर अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों को अंग्रेजी के पाठ को पढ़कर सुनाने को कहा।

शर्मा ने मौके पर उपस्थित कक्षा शिक्षिका को अध्यापन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन के गुणवत्ता के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्वत, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एसएसटी दल ने की गुण्डरदेही के चिरचार में बिना वैधानिक दस्तावेज के 7 लाख रुपये की राशि जब्त करने की कार्रवाई

**बालोद, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले में गठित एसएसटी दल द्वारा जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के चिरचार पोस्ट में दुर्ग जिले के पाटन तहसील के ग्राम जामगांव आर निवासी सागर केला के पास से बिना वैधानिक दस्तावेज के ले जाते हुए 07 लाख रूपये की राशि जप्त करने की कार्रवाई की गई। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के रिटर्निंग ऑफिसर मनोज मरकाम ने बताया कि एसएसटी टीम को गुण्डरदेही विकासखण्ड के चिरचार पोस्ट में सागर केला के बैग के जांच के दौरान 07 लाख रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई। एसएसटी टीम के द्वारा सागर केला को 07 लाख रुपये की राशि के दस्तावेज के बारे में पुछे जाने पर 08 लाख 05 हजार 467 रुपये का कच्चा बिल प्रस्तुत किया गया। केला ने अपने पास उक्त राशि की पक्का बिल नही होने की जानकारी दी। जिसके फलस्वरूप एसएसटी टीम के द्वारा उक्त राशि को जप्त कर थाना अर्जुंदा में सुपुर्द की गई है।

# कुमकुम, संध्या व योगानंद ने लहराया गरियाबंद का परचम

## राज्य स्तरीय जूनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 अक्टूबर।** छग राज्य भारोत्तोलन संघ के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 21वीं जूनियर वर्ग महिला पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता जो 13-15 अक्टूबर 2023 को बालोद में सम्पन्न हुई जिसमें गरियाबंद जिला भारोत्तोलन संघ इकाई की ओर से जिला कुमकुम ध्रुव संध्या साहू व योगानंद खरे ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर एक बार पुनः वर्चस्व कायम रखने में सफलता हासिल किया विदित हो कि इससे पूर्व भी अस्मिता खेलो इंडिया में इन खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था इस बार कुमकुम ध्रुव ने 49 किलोग्राम वर्ग में कुल 115 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता कुमकुम ध्रुव लगातार सब जूनियर वर्ग की तीन वर्ष की स्टेट चैम्पियन है संध्या साहू ने 45किलोग्राम भार में कुल 101 किलोग्राम भार उठाकर पहली बार गोल्ड मेडल जीता है योगानंद खरे भी लगातार दो वर्ष से गोल्ड पर कब्जा जमाये हुए है गरियाबंद जिला इकाई से छः खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए जिनमें खेमिन पटेल लछवन्तीन कोसले व देव कुमार निषाद भी शामिल हुए थे।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष यशवंत यादव, प्रमोद सिंह ठाकुर, सचिव हीरालाल साहू, सहसचिव शीतल ध्रुव कोषाध्यक्ष भोलेशंकर जायसवाल, विनोद देवांगन, रेवेन्द्र दीक्षित, देवनारायण यदु, शिव ठाकुर, राजकुमार लहरे, रुपनाथ बंजारे, पुनीत ठाकुर, अर्जुन धनंजय सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, यूनूस खान, टंकेश्वर मरकाम आदि प्रमुख है।

# 75 पंचायतों के सचिवों को कैशलेस ट्रांजेक्शन की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 अक्टूबर।** भारत में चल रहे डिजिटल लेनदेन की सुविधा को बढ़ावा देने हेतु कैशलेस ट्रांजैक्शन अभियान के तहत जनपद पंचायत छुरा के सभागार में गरियाबंद जिला कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर छुरा जनपद पंचायत के सीईओ अमजद जाफ्री के द्वारा 74 ग्राम पंचायत के समस्त सचिवों का एक बैठक आयोजित किया गया।जिसमें उन्हें आधुनिक लेनदेन की प्रक्रिया से कैशलेस ट्रांजैक्शन के महत्व को बताया गया कि कैसे इस प्रक्रिया से आनलाइन लेनदेन की गतिविधि को बढ़ावा दिया जा सकता है इसी कड़ी में जनपद पंचायत छुरा के सीईओ व बैंक ऑफ़ बड़ौदा छुरा शाखा के प्रबंधक की उपस्थिति में समस्त पंचायत सचिवों को क्यूआर कोड प्रदान किया गया जिसके जरिए आने वाले समय में शासकीय व निजी लेनदेन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराई जा सके।वहीं कार्यक्रम के अंत में संकल्प एक अभियान शत प्रतिशत हो मतदान के तहत सभी सचिवों को मतदान करने व कराने हेतु जागरूकता लाने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण करवाया गया।जहां सभी पंचायत सचिवों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपने पंचायत स्तर पर सभी ग्रामीणों को आगामी विधानसभा चुनाव हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरा के सीईओ अमजद जाफ्री ने जानकारी देते हुए कहा कि बदलते भारत में ऑनलाइन पेमेंट लेनदेन का सबसे सुरक्षित व पारदर्शी माध्यम है इसका प्रयोग आने वाले दिनों में वृहद रूप से देखने को मिलेगा।इसी क्रम में समस्त पंचायत सचिवों को जानकारी दी गई।और साथ में आगामी विधानसभा चुनाव हेतु मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।




## समाचार संक्षेप

### रबी बीज का उठाव एवं उतेरा फसल की करें तैयारी


**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर, चदंन कुमार के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा रबी फसलों के बुवाई हेतु बीज भण्डारण बीज निगम के माध्यम से किया गया है। इस वर्ष जिले में अच्छी बारिश होने के कारण भूमि में पर्याप्त मात्रा में नमी उपलब्ध है। जिसका लाभ उठाकर किसान भाई अधिक से अधिक क्षेत्र में रबी फसलों की खेती कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं, कृषकों के मांग के आधार पर रबी फसल अनाज (गेहूँ, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी) 3455 क्विं., दलहन (चना, मटर, मसूर, उड़द, मूंग, तिवडा आदि) 3860 क्विं. एवं तिलहन (सरसों, मूंगफली, अलसी, कुसुम, सूरजमुखी आदि) 490 क्विं. कुल 7805 क्विं. बीज मांग प्रेषित किया गया है, जिसका भण्डारण बीज निगम द्वारा जिले के विभिन्न समितियों में प्रारंभ कर दिया गया है। वर्तमान में विकासखण्ड पलारी के सहकारी समिति अमेरा में गेहूँ 30 क्विं. एवं तिवड़ा 5 क्विं., कोसमंदी में 50 क्विं., वटगन में तिवड़ा 5 क्विं. एवं सरसों 3.20 क्विं. एवं पलारी तिवड़ा 3 क्विं. एवं सरसों 2 क्विं., भाटापारा के सहकारी समिति धुर्राबांधा में 80 क्विं. एवं सरसों 0.50 क्विं. का भण्डारण हो गया है। तथा अन्य समितियों में भण्डारण का कार्य जारी है। राज्य शासन के निर्देशानुसार फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है, जिले के किसान भाई ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व समितियों के माध्यम से बीज मांग कर सकते हैं। वर्तमान में कृषक उतेरा फसल हेतु जिन क्षेत्रों में धान परिपक्वता की ओर है तथा भूमि में नमी है वहाँ उतेरा का फसल ले सकते हैं। यह समय उतेरा फसल के लिए उपयुक्त है जो किसान भाई उतेरा का फसल लेना चाहते हैं वे तिवड़ा, अलसी एवं सरसों की फसल उतेरा हेतु उपयुक्त है। उतेरा कम खर्च में अधिक आमदनी देने वाली फसल है। उतेरा हेतु पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा अनुरोध किया गया है कि किसान भाई अधिक से अधिक रबी व उतेरा फसल लेकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते है। तथा आवश्यकतानुसार समितियों से बीज उठाव करें। तथा अनुरोध है कि जिन किसान भाईयों द्वारा आधार बीज का बोनी हेतु प्रयोग किया जा रहा है वे बीज निगम में अनिवार्य रूप से बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन करावें।

### वेलकम पार्टी में तेज आवाज में डीजे बजाने वाले पर पुलिस ने कसा शिकंजा



**भाटापारा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश एवं निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में धारा 04, 05, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। टाउन भ्रमण के दौरान कालेज एनुवल फंक्शन वेलकम पार्टी में डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ है के संचालक पुकेन्द्र साहू पिता उमाशंकर साहू उम्र 24 साल साकिन श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड द्वारा तीव्र आवाज में डीजे साउण्ड सिस्टम चलाते बजाते मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष जिसमें डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ को जप्त किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे, प्र.आरक्षक भुखन वर्मा आर. सीताराम ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

### कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से प्रथम रेण्डमाइजेशन पूर्ण



**भाटापारा, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में आज संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से प्रथम रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र संजारी बालोद के रिटर्निंग ऑफिसर शीतल बंसल, एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र डौण्डीलोहारा के रिटर्निंग ऑफिसर प्रतिमा ठाकरे झा के अलावा एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र गुण्डरदेही के रिटर्निंग ऑफिसर मनोज मरकाम सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को रेंण्डमाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेंण्डमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया सॉफ्टवेयर के माध्यम से होता है। इसमें किसी भी प्रकार का मैनुअल हस्तक्षेप नही होता है। शर्मा ने बताया कि द्वितीय रेंण्डमाइजेशन कमीशनिंग के बाद किया जाएगा।

### दो लोगों को गांजा बेचते हुए किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 816/2023 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के आरोपीगणों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 12 अक्टूबर को जरिये मुखबीर सूचना मिली की भैंसा पसरा निवासी सावित्री दुबे एवं रजनी दुबे लुकछुप कर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा का बिक्री कर रहे हैं। कि सूचना तस्दीक पर रेड कार्यवाही किया आरोपियान सावित्री दुबे एवं रजनी दुबे से एक पैकेट का वजन 900 ग्राम एवं दुसरे पैकेट का वजन 400 ग्राम कुल वजनी 1300 ग्राम किमती 13, 000 रू. मिला जिसे समक्ष गवाहान के जप्त किया गया। आरोपियों संदेहियो को उनके कब्जे से मिले मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने, अपने अधिपत्य में रखने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दोनो को अलग अलग नोटिस दिया गया।

### अवैध शराब बेचने वालों पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस ने छापा मारकर 67 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब की जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 अक्टूबर।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 825/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, अप क्र 826/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, अप क्र 827/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट, अप क्र 828/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपीगण के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 18 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपीगण 1. जीवन जांगडे पिता धनऊ जांगडे उम्र 26 साल साकिन सुढेली 2. घनश्याम भारद्वाज पिता करताल भारद्वाज उम्र 27 साल साकिन सुढेली 3. सत्यनारायण घृतलहरे पिता दासूराम घृतलहरे उम्र 37 साल साकिन खजूरी चौकी करहीबाजार 4. राजकुमार भारद्वाज पिता चिंताराम भारद्वाज उम्र 28 साल साकिन सुढेली घासीदास चौक थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के पास से भारी मात्रा में शराब रखने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर पकडे तथा आरोपीगण से कुल 67 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब जुमला किमती 13400 रूपये को जप्त किया गया आरोपीगण के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से सभी आरोपियो को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधी राम बंजारे, मेघनाथ बंजारे, प्र आर 720, 143, 178, आर 134, 839, 279 एवं म आर 700 अंजूला पैकरा, 895 सरीता यादव विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### चायपत्ती के ट्रेडमार्क का उपयोग कर ठगी, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** चुस्की चाय का ट्रेडमार्क का उपयोग कर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी यशवंत जैन 54 वर्ष जैन चुस्की चाय नाम से ट्रेडमार्क रजिस्टर्ड कराया है। जिसका आरोपी हरीश गोयल ने उल्लंघन कर चुस्की शब्द को अपने चायपत्ती में उपयोग कर प्रार्थी के ट्रेडमार्क का उल्लंघन कर उपभोक्ताओं के साथ छल कर रहा है। जब इसकी जानकारी प्रार्थी को लगी, तो उसने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ ट्रेड मार्क एक्ट 29, 103,104 व 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### माल सप्लाई करने के नाम पर 87 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** माल सप्लाई करने का प्रलोभन देकर 87 लाख 88 हजार 900 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश झंवर 42 वर्ष स्वर्णभूमि आमासिवनी का रहने वाला है। प्रार्थी दाल मील एवं अनाज ट्रेडिंग का काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी प्रेमरतन शर्मा, विक्रम अदितो व बाहसाह मलिक ने प्रार्थी से कहा कि वह मेघालय एवं नागालैंड राज्य शासन को शक्कर, दाल, चावल व गेंहू सप्लाई करना है। जिसका आर्डर निकलवा कर प्रार्थी को दिखाया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी से कमिशन रकम 87 लाख 88 हजार 900 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** नाहरपारा गुढ़ियारी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शंकर बघेल 35 वर्ष नाहरपारा गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएन 7981 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घरेलू विवाद को लेकर पत्नी को जलाया

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** घरेलू विवाद को लेकर युवक ने चाय व सिगरेट से अपनी पत्नी को जला दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कैथरीन बार्टन 40 वर्ष शिवानंद नगर खमतराई की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति आरोपी डेनिस बार्टन ने घरेलू विवाद पर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर गरम चाय व सिगरेट से उसके हाथ को जला दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** खरोरा पुलिस ने बाइक से अवैध शराब ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 23 पाव देशी शराब, नकदी 200 रुपए और बाइक जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम भरहा में बाइक से अवैध शराब लेकर जाते आरोपी सेवक यादव 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके बाइक से 23 पाव देशी शराब व नकदी 200 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चाकू लहराते तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** सिविल लाइन पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में चाकू लहराते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी सतनामी पारा पंडरी में चाकू लहराते आरोपी दिलकश अली 23 वर्ष, फिद्दा हुसैन 23 वर्ष व सफीक अली 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### तीन दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

**रायपुर, 19 अक्टूबर ।** रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के लोगों को दोपहर की तेज धूप व गर्मी से इस सप्ताह के आखिर में थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिन तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद यानि 20 अक्टूबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और हल्की ठंड बढ़ने लगेगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी ठंड पड़ने के आसार है।

# भांजा-भांजी को टिकिट दिलाने वाले परिवारवाद की बात न करें: सीएम

**रायपुर 19 अक्टूबर।** रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा को टिकट दिए जाने पर भाजपा द्वारा परिवारवाद का आरोप लगाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि रमन सिंह उनके भांजे विक्रांत और अब भांजी को टिकट मिल गया. अग़ल-बग़ल की सीट मिल गई है. सबकी नाव डूबने वाली है. बस्तर दौरे के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस की तीसरी सूची और बाकी बचे 7 सीटो को लेकर कहा कि जल्दी वो भी हो जाएगा. नवरात्रि के कारण रुके थे. तैयारी तो हमारी पहले से हो गई थी. आगे चौंकाने वाला नाम आएगा कि नहीं मुझे पता नहीं.



पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के सामने महंत रामसुंदर दास को टिकट मिलने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत जी पहले भी दो बार विधायक रह चुके हैं. इस बार जहां निवास करते हैं, वहां से उनको टिकट दिया गया है. भाजपा में तो बौखलाहट है. एक तरफ़ अरुण साव और रमन सिंह घिरे है, और अब बृजमोहन अग्रवाल बुरी तरह से घिर गए हैं. 'बीजेपी की सूची में रमन सिंह की चली है तो कांग्रेस की सूची में किसकी चली है' के सवाल पर मुख्यंत्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सूची में आलाकमान चली है. वहीं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बयान पर कहा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवीर दास तो राज्यपाल बन गये, लेकिन उन्होंने जेपी नड्डा के प्रति आभार जताया है. राष्ट्रपति के प्रति आभार नहीं जताया.

अमित शाह के दौरे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि शाह आने वाले हैं. कुछ दिन पहले सबसे बड़े घोटालेबाज के नामांकन में गए थे, वहां उल्टा लटकाने की बात किए. कल असम के सीएम हिमन्ता विश्वा सरमा आये थे, ये वही व्यक्ति हैं, जिनके ख़िलाफ़ भाजपा के नेता खूब बोला करते थे. पानी पी पीकर कोसते थे. लेकिन जब से भाजपा में गये उनकी जाँच बंद हो गई है.

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि खदानें, एयरपोर्ट, रेलवे सब अडानी को जा रहा है ऐसा क्या है जो सभी चीज़ें अडानी के हाथों में दी जा रही हैं?

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि किसान संपदा योजना के तहत असम सीएम की पत्नी के नाम से कंपनी को पैसा दिया गया. क्या उन्होंने एप्लाई किया या भारत सरकार ने दिया. हर पंद्रह दिन में गोधन का पैसा लोगो को मिल रहा है. यहां सरकार ने वितरण किया है. असम के मुख्यमंत्री तो विधायक ख़रीदने में माहिर हैं, वो अमित शाह के ख़ास हैं, वो तो सीधा बैंक हैं, विधायकों को ख़रीदते हैं.

बीजेपी नेताओं के भाषणों में उपयोग हो रहे शब्दों को लेकर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रहे हैं. भड़काऊ बयानबाज़ी कर रहे हैं. एक विशेष वर्ग कहां से आया केंद्र सरकार को बताना चाहिए. सूची वो दे दें, हम कार्रवाई करेंगे. कितना भी ये कर लें, लेकिन सफलता नहीं मिलेगी. सांप्रदायिकता के अलावा इनको आता क्या है.

कार्य प्रगति पर..




रायपुर 19 अक्टूबर। राजधानी के विभिन्न स्थलों पर कार्य कई दिनों से इस तरह से प्रगति पर है।

## सुन्दर नगर कॉलोनी में 50 फीट ऊंचे रावण दहन के साथ 1 घण्टे की आकर्षक आतिशबाजी: मृत्युंजय दुबे

**रायपुर 19 अक्टूबर।** सांस्कृतिक एवम सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति सुन्दर नगर कॉलोनी के द्वारा वार्ड दूसरे वर्ष भी सुन्दर नगर कॉलोनी के दशहरा मैदान में 50 फिट ऊंचे रावण दहन का भव्य आयोजन किया जाएगा , पिछले साल से रावण की ऊंचाई 10 फिट अधिक है । दशहरा उत्सव के रावण दहन कार्यक्रम में धमतरी के फिजा फायर वर्क्स के द्वारा 1 घण्टे का आकर्षक मनमोहक आतिशबाजी का भी प्रदर्शन किया जाएगा । यह जानकारी वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने दी है जो कि दशहरा उत्सव समिति का काम देख रहें हैं । यह दशहरा उत्सव का दूसरा वर्ष है , पिछले साल 10 हजार से अधिक नागरिकों ने दशहरा उत्सव समिति के कार्यक्रम का आनन्द लिया था इसलिए इस वर्ष भीड़ को देखते हुए रावण दहन की व्यापक तैयारी की गई है ।

### पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की जाए

**रायपुर 19 अक्टूबर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अभी तक घोषणा पत्र जारी नहीं किया है।



जबकि मध्यप्रदेश में घोषणा पत्र जारी हो गई है। आहूजा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस को अपने घोषणा पत्र में पांच सौ रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने, चार सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली तथा सन् 1984 में सिख दंगे के पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग को शामिल किया जाना चाहिए। इससे आम जनता में कांग्रेस के प्रति अच्छा संदेश जाएगा। आहूजाने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस जो भी घोषणा करती है उसे पूरा करती है।

## रायपुर जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया 21 से

■ सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए पृथक निर्वाचन अधिकारी बनाए गए

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** रायपुर जिले के कलेक्टोरेट में नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए सात विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। सुरक्षा को देखते हुए सिर्फ प्रत्याशी व समर्थक एवं स्थानीय अधिकारी साथ में रहेंगे। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में द्वितीय चरण के लिए मतदान 17 नवम्बर को होगा। रायपुर जिले की सभी सात सीटों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर रखी गई है। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की छंटाई होगी तथा दो नवम्बर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। रायपुर जिले के अंतर्गत रायपुर दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, ग्रामीण, धरसींवा, अभनपुर एवं आरंग विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर आरंग से कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया प्रत्याशी हैं। अभनपुर से धनेन्द्र साहू अपना नामांकन भरने की तैयारी कर रहे हैं। रायपुर उत्तर से कांग्रेस ने अभी तक किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया गया है। रायपुर दक्षिण से कांग्रेस के महंत रामसुंदर दास तथा भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल के बीच मुकाबला होगा। पश्चिम में विकास उपाध्याय तथा राजेश मूणत एक बार फिर आमने-सामने होंगे। ग्रामीण से पंकज शर्मा का मुकाबला भाजपा के मोतीलाल साहू से होगा। धरसींवा में कांग्रेस की छाया वर्मा और भाजपा की ओर से अनुज शर्मा प्रत्याशी बनाए गए हैं। अनुज शर्मा ने जनसम्पर्क शुरू कर दिया है। छाया वर्मा एक लंबे अरसे से सक्रिय हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार प्रत्याशी 10 से तीन बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। प्रत्याशी जुलूस लेकर आएंगे लेकिन परिसर में सिर्फ सीमित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। कांग्रेसजन राजीव भवन से तथा भाजपा प्रत्याशी एकात्म परिसर से जुलूस निकालकर अपना नामांकन पत्र भरने जाएंगे। कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए वरिष्ठ नेता भी यहां आएंगे।

## शाह ने भरा भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** विधानसभा के प्रथम चरण के मतदान के लिए आज बड़ी संख्या में नामांकन पत्र दाखिल किए गए। बस्तर में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर और कोण्डागांव में प्रत्याशियों को नामांकन पत्र भराने के साथ ही कार्यकर्ताओं में जोश भरा। कांकेर में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा की उपस्थिति में भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन भरा। इधर कांग्रेस के प्रत्याशियों ने भी अलग-अलग जिलों में अपना नामांकन पत्र भरा है। भाजपा स्वागत समिति के प्रमुख लोकेश कावड़िया ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज बस्तर पहुंचे। यहां पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों का नामांकन पत्र दाखिल कराया तथा चुनावी सभा को संबोधित कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। बस्तर के अंतर्गत बस्तर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर, कोंटा विधानसभा क्षेत्र आते हैं। कांकेर जिले में अंतागढ़, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर तथा कोण्डागांव जिले में केशकाल तथा कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र आते हैं। केशकाल में कांग्रेस के संतराम नेताम और भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम, कोण्डागांव में मोहन लाल मरकाम तथा भाजपा की लता उसेंडी के बीच सीधा मुकाबला है। कांकेर में कांग्रेस के शंकर ध्रुव एवं भानुप्रतापपुर से उपचुनाव में विजय सावित्री मण्डावी अपनी किस्मत आजमा रहीं हैं। यहां पर सर्वआदिवासी समाज के प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनेक स्थानों पर जाकर प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ा रहे हैं। छग में दो चरणों में मतदान होगा। प्रथम चरण के लिए सात नवम्बर को मतदान होगा। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर है। प्रथम चरण में 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। पुलिस बल शीघ्र यहां पर पहुंच जाएगा।




रायपुर 19 अक्टूबर। दशहरा के लिए बनने लगे रावण के पुतले।

### ढेबर को दक्षिण से टिकट देने की मांग, सड़क पर बैठे समर्थक, एक ने खुद पर डाला केरोसिन

**रायपुर 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद से राजनितिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने 86 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। तो वहीँ कांग्रेस ने 83 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। वहीँ नामों के ऐलान के बाद से ही दोनों ही पार्टियों में विरोध भी देखने को मिल रहा है, रायपुर दक्षिण से महंत राम सुंदर दास टिकट मिला है, जिसके बाद से महापौर एजाज ढेबर को रायपुर दक्षिण से टिकट नहीं मिलने पर उनके समर्थकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है, हजारों की संख्या में समर्थक सुभाष स्टेडियम में एकत्रित हुए है। उसके बाद समर्थक आकाशवाणी चौक में सड़क पर बैठकर विरोध जता रहे है और महापौर ढेबर को रायपुर दक्षिण से टिकट देने की मांग को लेकर अड़े हुए है।



## रोड शो में शामिल नहीं होंगे शालेय विद्यार्थी

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी आम सभा के लिए निर्देश दिया है कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान को मैदान में में सभा करने के पूर्व संस्था के प्रबंधन से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना जरूरी होगा। सभा का आयोजन रात 10 बजे के बाद प्रतिबंधित होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे के पूर्व की अवधि के दौरान कोई भी सभा आयोजित नहीं की जा सकती। सभा के लिए सार्वजनिक स्थलों की पहचान जिला प्रशासन द्वारा की जा चुकी है। सभा रात 10 बजे के बाद प्रतिबंधित है। रैली के लिए भी गाइडलाइन दी गई है। इसके लिए रैली का मार्ग पूर्व में तय होगा। इसका उल्लेख आवेदन में किया जाएगा। रैली के प्रारंभ और अंत का समय व स्थान पूर्व से निर्धारित होगा। रैली के मार्ग में किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए। यदि रैली की लंबाई अत्यधिक है तो इसे कुछ अंतराल के बाद तोड़ा जाना चाहिए। रोड शो के लिए अनुमति लेनी होगी।

# महिलाओं ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मोर्चा खोला

**रायपुर 19 अक्टूबर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के? अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकारी में महिलाओं ने असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ जहां एक बार फिर मोर्चा सम्हाल लिया है वहीं खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली के युवाओं ने आहूत बैठक में ग्रामीणों का पूरजोर समर्थन मिलने के बाद सक्रियता दिखलाना शुरू कर दी है । ग्राम टेकारी में वैसे तो ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब व गांजा बिक्री पर अंकुश लगा रखा है पर कतिपय असामाजिक तत्व अब भी चोरी छिपे धंधे से बाज नहीं आ रहे हैं । बीते दिनों ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व में सपड़ाये एक कोचिया को रास्ते में थाना अमला द्वारा दबोचने के बाद लिप्त तत्व कुछ दबाव में तो हैं पर अब भी भट्ठी से पीने



के नाम पर 2-4 पौव्वा लाकर बेचने से बाज नहीं आ रहे हैं । इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर जाम ढलकाने की शिकायत कुछ जाय्दा ही है । पूर्व में चौकसी में सक्रिय महिलाओं के बरसात में खेती के मौसम में व्यस्तता के चलते चौकसी अस्थायी रुप से बंद करने व चौकसी के दौरान कतिपय विघ्नसंतोषी तत्वों द्वारा उनके खिलाफ अनर्गल छींटाकशी करने व कुछ न बिगाड़ पाने की चुनौती की शिकायत पर ग्रामीण सभा अध्यक्ष रामनाथ वर्मा , पूर्व अध्यक्ष रामानंद पटेल , हुलास राम वर्मा , भूपेन्द्र शर्मा , सरपंच नंदकुमार यादव , नरेंद्र वर्मा आदि ने महिलाओं को एक बार फिर सक्रिय होने का आग्रह किया व उनका सक्रिय सहयोग का आश्वासन देते हुये मोर्चा पुनः खोलने के लिये राजी किया और उनका उत्साहवर्धन के लिये उनके साथ भ्रमण कर सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वालों से पौव्वा छीन भी फोड़ा । इसके बाद से महिलाये पुनः चौकसी में सक्रिय हो गयी हैं जिसके चलते फिलहाल सार्वजनिक स्थलों ?मे पीना पिलाना थम गया है। इधर ग्रामीण व्यवस्था लड़खड़ाने से असामाजिक गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने से दिनों-दिन ग्राम के माहौल खराब होते जाने से ग्राम खौली के आक्रोशित युवाओं के एकजुट हो जाने व उसके खिलाफ अभियान चलाने ग्रामीणों से आशीर्वाद मिलने के बाद युवाओं की सक्रियता व थाना अमला द्वारा एक कोचिया को रंगे हाथ पकड़ने के बाद ऊपरी तौर पर तो अवैध शराब बिक्री थमा सा दिखता है पर ग्रामीण सूत्रों के अनुसार अब भी दो असामाजिक तत्व चोरी छिपे सक्रिय रह शराब बेचने में सक्रिय हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23